दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 272 जयपुर, सोमवार, 11 सितंबर, 2023 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष- द्वादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



## जी20 सम्मेलन संपन्न: मोदी ने ब्राजील को सौंपा जी20 का पारंपरिक गैवल

**समापन पर प्रधानमंत्री का संबोधन**

यूएनएससी के विस्तार व वैश्विक संस्थाओं में सुधार पर दिया जोर

जी20 के एक वर्चुअल सत्र के आयोजन का भी दिया प्रस्ताव

# विश्व की नई वास्तविकताएं... नई वैश्विक संरचना में प्रतिबिंबित हों

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के विस्तार. और सभी वैश्विक संस्थाओं में सुधार की जोरदार वकालत की। उन्होंने कहा कि दुनिया की 'नई वास्तविकताएं' 'नई वैश्विक संरचना' में प्रतिबिंबित होनी चाहिए, क्योंकि यह प्रकृति का नियम है कि जो नहीं बदलते हैं, समय के साथ उनकी प्रासंगिकता खत्म हो जाती है। प्रधानमंत्री ने जी20 शिखर सम्मेलन में लिए गए फैसलों पर प्रगति की समीक्षा के लिए नवंबर के अंत में एक वर्चुअल सत्र के आयोजन का प्रस्ताव भी दिया।

समापन सत्र में मोदी ने ब्राजील को जी20 की अध्यक्षता हस्तांतरित करते हुए पारंपरिक गैवल (एक प्रकार का हथौड़ा) सौंपा और उसे शुभकामनाएं दीं। ब्राजील आधिकारिक रूप से इस साल एक दिसंबर को जी20 समूह के अध्यक्ष का कार्यभार संभालेगा। जी20 शिखर सम्मेलन के 'एक भविष्य' सत्र में मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सहित वैश्विक संस्थाओं में सुधारों पर नए सिरे से जोर दिया। मोदी ने कहा, 'यह जरूरी है कि दुनिया को बेहतर भविष्य की ओर ले जाने के लिए वैश्विक निकायों को आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करना चाहिए।'



श्रद्धांजलि...

प्रधानमंत्री मोदी ने जी20 के सदस्य राष्ट्रों के नेताओं के साथ रविवार को ऐतिहासिक राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, "ऐतिहासिक राजघाट पर, जी20 परिवार ने शांति, सेवा, करुणा और अहिंसा के प्रतीक महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**सिल्वा ने कहा-आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक में बढ़े प्रतिनिधित्व:** वैश्विक संस्थाओं में सुधारों के लिए मोदी की बात को दोहराते हुए ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा ने कहा कि यूएनएससी को राजनीतिक ताकत हासिल करने के लिए स्थाई और गैर-स्थाई सदस्यों के रूप में नए विकासशील देशों की जरूरत है। हम विश्व बैंक और आईएमएफ में उभरते देशों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व चाहते हैं।

### ब्राजील को पूर्ण समर्थन

समापन सत्र में, प्रधानमंत्री मोदी ने ब्राजील को पूर्ण समर्थन दिया और विश्वास व्यक्त किया कि ब्राजील की अध्यक्षता में जी20 समूह के साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाएगा। मोदी ने कहा, 'भारत ने अध्यक्षता के लिए ब्राजील को गैवल सौंप दिया है। हमें अटूट विश्वास है कि वे समर्पण, दूरदर्शिता के साथ नेतृत्व करेंगे और वैश्विक एकता के साथ-साथ समृद्धि को भी आगे बढ़ाएंगे।' उन्होंने कहा, 'मेरा प्रस्ताव है कि हमें नवंबर अंत में जी20 के वर्चुअल सत्र का आयोजन करना चाहिए। उस सत्र में, हम उन मुद्दों की समीक्षा कर सकते हैं, जिन पर इस शिखर सम्मेलन के दौरान सहमति बनी थी। हमारे दल इसका विवरण सभी के साथ साझा करेंगे। मैं उम्मीद करता हूं कि आप सभी इसमें (सत्र में) शामिल होंगे।' मोदी ने कहा, 'इसके साथ ही मैं जी20 शिखर सम्मेलन के समापन की घोषणा करता हूं।'

### यूएन में सदस्य 200 हो गए... UNSC में वही 5 स्थाई सदस्य

पीएम मोदी ने कहा कि जब संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 51 सदस्यों के साथ हुई थी, तो दुनिया अलग थी और अब सदस्य देशों की संख्या लगभग 200 हो गई है। मोदी ने कहा, 'इसके बावजूद यूएनएससी में स्थाई सदस्य आज भी 5 ही हैं। तब से आज तक दुनिया हर लिहाज से बहुत बदल चुकी है। अब नई वास्तविकताएं हमारी नयी वैश्विक संरचना में प्रतिबिंबित होनी चाहिए।' सुधारों की वकालत करते हुए उन्होंने कहा कि इसीलिए शनिवार को अफ्रीकी संघ को जी20 का सदस्य बनाकर एक ऐतिहासिक पहल की गई। मोदी ने कहा, 'इसी तरह, हमें बहुपक्षीय विकास बैंक के 'मैंडेट' का विस्तार भी करना होगा। इस दिशा में हमारे फैसले तुरंत होने चाहिए और प्रभावी भी होने चाहिए।'

## प्रियंका गांधी का प्रहार: पीएम नरेंद्र मोदी से पूछना चाहिए कि इतनी महंगाई क्यों?

# भाजपा की नीतियां अमीरों को लाभ पहुंचाने वाली

**पेट्रोल-डीजल से कमाए करोड़ों**

### सीएम गहलोत बोले... गांधी परिवार से डरे क्यों रहते हैं शाह और मोदी!



### हमने सभी बजट घोषणाएं लागू कीं: मुख्यमंत्री

सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि हमने हर क्षेत्र में फैसले लेने में कमी नहीं छोड़ी है। हमने बजट में जो घोषणाएं की, सबको लागू कर दिया है। इस बार माहौल ऐसा बन गया है कि लगता है सरकार रिपीट होगी। मैं मोदी और शाह से पूछना चाहता हूं कि वे गांधी परिवार से डरे क्यों रहते हैं? बार-बार आपको गांधी परिवार का नाम लेने की जरूरत क्यों पड़ती है? गांधी परिवार ने देश लिए कुर्बानियां दी हैं। उन्होंने कहा कि जैसा माहौल देश में बना हुआ है, बहुत खतरनाक हैं। लोकतंत्र खतरे में है, संविधान की धज्जियां उड़ रही है।

बेधड़क | जयपुर

कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार की नीतियां सिर्फ अमीरों को लाभ पहुंचाने के लिए हैं, न कि गरीबों के लिए। पीएम विदेश दौरे पर जाते हैं और अपने उद्योगपति मित्रों के लिए करार करके आते हैं। भाजपा सरकार में सिर्फ अमीरों की कदर हैं। पीएम विदेश जाते हैं और वापस आकर कहते हैं कि हमारा सम्मान बढ़ गया है। बाद में हमें पता चलता है कि उन्होंने जाकर अपने उद्योगपति मित्रों के लिए सौदे किए और बड़े उद्योगपतियों को वहां से कारोबार मिल रहा हैं।

टोंक के निवाई में रविवार को जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा कि भाजपा का एकमात्र ध्यान सत्ता में बने रहने पर है और इसके लिए वह गरीबों की उपेक्षा करती है। प्रियंका ने गहलोत सरकार की योजनाओं की तारीफ करते हुए महंगाई के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि देश में आज महंगाई चरम पर है। गैस सिलेंडर एक हजार रुपए का है, इसे गरीब आदमी कैसे खरीदेगा? केंद्र से पूछना चाहिए इतनी महंगाई क्यों हैं?

मोदी सरकार ने पेट्रोल डीजल पर टैक्स लगाकर जनता से 32 लाख करोड़ रुपए खींचे हैं। पीएम बड़ी-बड़ी महफिल और कारवां में खर्च करते हैं। फिर आपके लिए क्या बचता है।

इनका ध्यान केवल सत्ता को पकड़कर रखने में रहता है। देश में सबसे बड़ा स्वास्थ्य बीमा राजस्थान में हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लिए 1,000 इंदिरा रसोई शुरू हुई हैं। यहां गरीबों को 500 रुपए में सिलेंडर मिल रहा है।

### BJP आई तो हमारी योजनाएं करेगी बंद

प्रियंका ने जी-20 की को लेकर कहा कि वहां आज बारिश हुई। लगता है डर के मारे जो देशवासी नहीं कह पाए वो भगवान ने कह दिया कि 'इतना घमंड ठीक नहीं है।' देश की जनता को आगे रखें। सम्मेलन में बारिश आई और जहां पर यह सम्मेलन हो रहा है वहां तो पानी फैल गया। भगवान ने कह दिया, देश की जनता को सर्वोपरी रखो। प्रियंका ने पीएम नरेंद्र मोदी से सवाल करते हुए कहा कि वे ईआरसीपी पर मौन क्यों हैं? जबकि उसके होने से इस पूरे इलाके की तरक्की हो जाती। जब हमारी सरकार थी तो योजनाओं के लिए केंद्र से 90 फीसदी पैसे आते थे, जबकि आज यह 50 फीसदी हो गए हैं। गांधी ने कहा कि अगर भाजपा की सरकार राजस्थान में आई तो आप देखिएगा यह सारी योजनाएं बंद हो जाएंगी।

## जरूरी खबर

### उपराष्ट्रपति धनखड़ 12 को भरतपुर दौरे पर आएंगे



**जयपुर।** देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मंगलवार को भरतपुर दौरे पर आएंगे। जिला कलेक्टर लोकबंधु ने भरतपुर के उन प्रमुख स्थलों का जायजा लिया है, जहां उपराष्ट्रपति को जाना है। प्रशासन का कहना है कि दौरे की तैयारियां की जा रही हैं। पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने बताया कि इस दौरे को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएंगे प्रोटोकॉल के हिसाब से अलग-अलग पॉइंट हैं। उन सभी स्थानों पर सुरक्षा प्रबंध पुख्ता किए जाएंगे।

## कथित गैंगरेप में कंट्रोवर्सी: PHQ ने कहा, मर्जी से गई थी...

# स्थानीय पुलिस ने माना गैंगरेप

# दो आरोपी किए गिरफ्तार



बेधड़क | जयपुर

भीलवाड़ा जिले के गंगापुर थाना इलाके में शनिवार को एक महिला के साथ कथित गैंगरेप के मामले में जिला पुलिस और राज्य पुलिस मुख्यालय के अलग-अलग बयानों से कंट्रोवर्सी की स्थिति बन गई है। दरअसल, रविवार सुबह भीलवाड़ा के एएसपी विमल सिंह ने प्रेस नोट जारी कर मामले को सही बताया, जबकि पुलिस मुख्यालय ने भीलवाडा में हुए गैंगरेप का मामला झूठा बता दिया। इन विरोधाभासी बयानों से मामला गर्मा गया है।

### भाजपा का आरोप: आरोपी कांग्रेसी कार्यकर्ता, पुलिस मुख्यालय इसीलिए दबा रहा है इस मामले को

**मर्जी से गई या जबरन ले गए आरोपी:** पुलिस मुख्यालय ने कहा कि महिला मर्जी से दो युवकों के साथ गई थी, अपहरण की शिकायत झूठी पाई गई। महिला ने अपने पति के डर से पुलिस को गलत तथ्य बताए थे। उसके मोबाइल की रिकॉर्डिंग से मामले की सच्चाई का पता चला है। दूसरी ओर, भीलवाड़ा के एएसपी विमल सिंह ने बताया कि इस मामले में क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में दिखा कि आरोपी छोटू और गिरधारी मोबाइल पर बात कर रही महिला को जबरन बाइक पर बिठा रहे हैं। फुटेज के आधार पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। उनसे पूछताछ कर सबूत इकट्ठा किए जा रहे हैं। वहीं पीएचक्यू ने क्या कहा वो मेरी जानकारी में नहीं है। हम (भीलवाड़ा पुलिस) गैंगरेप ही मान रहे हैं। जल्द ही आरोपियों के खिलाफ चालान पेश कर सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

**भाजपा ने बनाया मुद्दा, घेरा सरकार को**

भाजपा के भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि महिला से गैंगरेप में पकडे दो आरोपियों में से छोटू सरगरा कांग्रेस का कार्यकर्ता है। छोटू के कांग्रेस नेता धीरज गुर्जर, पूर्व विधायक विवेक धाकड़, कैलाश त्रिवेदी और अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ फोटो हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस मामले को दबाना चाहती है। इसलिए सुबह जयपुर पीएचक्यू ने ट्वीट कर इस मामले को फर्जी बता दिया। राजसमंद सांसद दीया कुमारी ने कहा कि गंगापुर में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना गहलोत सरकार के राज में हुई है। एक महिला को अपहरण कर दरिंदगी व मारपीट की गई और हद तो तब हुई जब महिला को निर्वस्त्र कर बेहाल छोड़ दिया गया।

## बारिश की वजह से धुला मैच का दिन

# आज रिजर्व डे पर इंडिया-पाक के बीच फिर होगी 'जंग'

एजेंसी | कोलंबो

यहां प्रेमदासा स्टेडियम में इंडिया-पाकिस्तान के बीच खेले जा रहे एशिया कप सुपर 4 के मैच में रविवार का खेल बारिश के कारण रद्द हो गया। अब यह मैच रिजर्व डे यानी सोमवार को दोपहर 3 बजे पुनः खेला जाएगा और टीम इंडिया पहले 50 ओवर खेलेगी। रविवार को खेल रोके जाने तक भारत ने कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के अर्द्धशतकों की बदौलत टीम इंडिया ने 24.1 ओवर में दो विकेट पर 147 रन बनाए थे। विराट कोहली और केएल राहुल क्रीज पर थे। इसके बाद बारिश और गीली आउटफील्ड होने के कारण मैच शुरू नहीं हो सका। बाद में अंपायर ने मैच को खत्म करने का निर्णय किया।




## आरएएस: चौथे चरण के इंटरव्यू आज से

**जयपुर।** आरपीएससी की ओर से आरएएस परीक्षा-2021 के मेन एग्जाम में सफल कैंडिडेट्स के इंटरव्यू का चौथा चरण सोमवार से शुरू होकर 27 सितंबर तक चलेगा। अभ्यर्थियों के इंटरव्यू लेटर आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया इस चरण में 288 कैंडिडेट्स के इंटरव्यू होंगे। कैंडिडेट्स को अपने मूल प्रमाण-पत्र की प्रति साथ लानी होगी व जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, उन्हें इंटरव्यू के समय प्रमाण-पत्र दो फोटो कॉपी के साथ आवश्यक रूप से प्रस्तुत करने होंगे।।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**भाजपा में प्रत्याशी चयन की कवायद**

# सितंबर के अंत तक भाजपा जारी कर सकती है पहली सूची

- सूची में तीन दर्जन से ज्यादा सीटों के उम्मीदवार होंगे घोषित
- यकायक नेताओं को रविवार को बुलाया गया दिल्ली
- इससे पूर्व शनिवार देर रात तक वर्चुअल चली कोर कमेटी की बैठक

बेधड़क | नई दिल्ली/जयपुर

विधानसभा चुनावों को लेकर राजस्थान में भाजपा प्रत्याशियों के चयन की कवायद दिल्ली दरबार में शुरू हो गई है।

पार्टी सूत्रों की मानें तो प्रदेश में जारी परिवर्तन यात्राओं के तुरंत बाद पार्टी अपने विधानसभा प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है। इस सूची में तीन दर्जन से ज्यादा उन उम्मीदवारों के नाम शामिल होंगे, जिन्हें पार्टी जिताऊ और टिकाऊ मानती है। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां, ज्ञानचंद पारख, जोगेश्वर गर्ग सहित अन्य विधायकों के नाम शामिल होने तय माने जा रहे हैं।



### प्रह्लाद जोशी के आवास पर हुई बैठक

राजस्थान में चुनावों को लेकर भाजपा प्रदेश से लेकर दिल्ली तक पूरी तरह से तैयारियों में जुट गई है। प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भाजपा की सरकार बने, इसके लिए जिताऊ और टिकाऊ कैंडिडेट को टिकट पर मंथन के लिए रविवार को दिल्ली में प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी के आवास पर केंद्रीय और प्रदेश पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। बताते हैं इस बैठक में राजस्थान की उन सीटों को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुई, जिन्हें भाजपा कई चुनावों से लगातार जीत रही है। ऐसी 36 सीट जिन पर भाजपा का लगातार कब्जा है, उन पर आगामी विधानसभा चुनावों में किसे मैदान में उतार जाए, उन दावेदारों के नामों को लेकर चर्चा हुई। वहीं वह सीट जहां पार्टी हार की हैट्रिक लगा चुकी है, उन 19 सीटों को लेकर भी चर्चा हुई।

**दिल्ली से आया कॉल:** बैठक में प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह समेत प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर भी मौजूद रहे। इसके लिए रविवार सुबह प्रदेश नेताओं के पास दिल्ली से कॉल आया।

**कोर कमेटी की बैठक :** बताया जा रहा है कि दिल्ली की इस बैठक से पहले शनिवार को भाजपा की कोर कमेटी बैठक देर रात तक चलती रही, जिसमें सभी सदस्य वर्चुअल रूप से जुड़े। इसके बाद प्रदेश नेताओं के पास रविवार सुबह दिल्ली से अचानक कॉल आया।

### केंद्रीय चुनाव समिति से चर्चा के बाद मिलेगी हरी झंडी

अब केंद्रीय चुनाव समिति से चर्चा होगी। उसके बाद सूची को हरी झंडी मिलेगी। बैठक में परिवर्तन यात्रा को लेकर भी फीडबैक लिया गया। वहीं, भाजपा के भरोसेमंद सूत्रों ने मंथन में 65 सीटों के जातिगत समीकरण में संभावित जिताऊ उम्मीदवारों के नामों के साथ ही शीघ्र घोषित की जाने वाली भाजपा प्रदेश चुनाव अभियान समिति में शामिल होने वाले नामों की भेजी गई सूची को लेकर चर्चा होने के संकेत दिए हैं।

## जरूरी खबर

### 634.18 करोड़ की राशि से होगा जल संरक्षण कार्य



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जल संरक्षण उपकर निधि से 634.18 करोड़ रुपए की राशि संबंधित विभागों को आवंटित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की है। यह राशि जल संरक्षण सम्बन्धी कार्यों पर व्यय की जाएगी। सीएम गहलोत की इस स्वीकृति से जल संसाधन विभाग को 521.38 करोड़ और जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग को 112.80 करोड़ की राशि आवंटित की जाएगी। यह राशि बजट घोषणाओं से सम्बन्धित कार्यों के लिए आवंटित की गई है।

### राजकॉम इंफो सर्विसेज में सृजित किए 53 नए पद

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजकॉम इन्फो सर्विसेज लिमिटेड में 53 नवीन पद और पद सोपान सृजित करने की स्वीकृति प्रदान की है। इससे राजकॉम इन्फो सर्विसेज लिमिटेड में पदों की संख्या 22 से बढ़कर 75 हो जाएगी। उन्होंने निदेशक (तकनीकी) का एक, ग्रुप महाप्रबंधक (तकनीकी निदेशक) के दो, महाप्रबंधक (अतिरिक्त निदेशक) के चार, प्रबंधक (सिस्टम एनालिस्ट) के दो, उप प्रबंधक (एसीपी) के चार और सहायक प्रबंधक (प्रोग्रामर) के 40 नवीन पद सृजित किए हैं। इन पदों को राजकॉम इन्फो सर्विसेज लिमिटेड के सेवा नियमों के अनुसार पदोन्नति व प्रतिनियुक्ति से भरा जाएगा।

### शहीद कैप्टन अब्दुल हमीद की मनाई पुण्यतिथि



**जयपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने रविवार को प्रदेश कार्यालय पर परमवीर चक्र विजेता कैप्टन अब्दुल हमीद की पुण्यतिथि मनाई। मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने बताया कि शहीद अब्दुल हमीद भारतीय सेना की 4 ग्रेनेडियर में एक सिपाही थे, जिन्होंने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के अद्भुत वीरता का प्रदर्शन करते हुए 10 सितम्बर 1965 को वीरगति प्राप्त की। वीर अब्दुल हमीद ने दुश्मन के आठ टैंकों को नष्ट कर लड़ाई का रुख बदल दिया था। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने शहीद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दुआ-ए-मगफिरत मांगी गई।

**BJP की परिवर्तन यात्रा:** टिकट के दावेदारों ने किया शक्ति प्रदर्शन, जहां यात्रा पहुंच रही-वहां नजर आ रहे पोस्टर-बैनर

# प्रदेश में होगा परिवर्तन, भाजपा बनाएगी सरकार: शेखावत

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव को फतह करने के लिए प्रदेश में परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाल रही हैं। पार्टी की चारों यात्राओं में रविवार तक 525 से अधिक स्थानों पर स्वागत अभिनंदन के साथ ही 230 के करीब स्वागत सभाएं अब तक हो चुकी हैं।

इसके साथ ही 54 जनसभाएं हुई हैं, जिनमें 9 केंद्रीय मंत्री, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां, राष्ट्रीय सचिव अल्का गुर्जर और कोर कमेटी के सदस्य शामिल हो रहे हैं।




परिवर्तन यात्रा जिस भी विधानसभा क्षेत्र से निकल रही है वहां पर भाजपा से टिकट के दावेदार शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं। यात्रा में दावेदार अपने समर्थकों की भीड़ दिखाकर टिकट की दावेदारी को मजबूत कर रहे हैं। यहीं कारण है कि जहां से यात्रा गुजर रही है। वहां नेताओं के जगह-जगह पोस्टर और बैनर नजर आ रहे हैं, जिन में दावेदारों के फोटो नजर आ रहे हैं।

### भारत के एजेंडे पर दुनिया की मुहर

बांदीकुई में केन्द्रीय भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल सिंह गुर्जर, अरुण चतुर्वेदी और सांसद जसकोर मीणा ने संबोधित किया। कृष्ण पाल सिंह गुर्जर ने कहा कि भारत की इकोनॉमी वर्ष 2028 तक 6 ट्रिलियन डॉलर क्रॉस कर जाएगी। इसके बाद भारत दुनिया की तीसरी महाशक्ति होगा। उन्होंने कहा कि आज भारत जी-20 का एजेंडा तय करता है और दुनिया उस पर मोहर लगाती है। इससे साफ जाहिर है कि आने वाले समय में भारत को बड़ी ताकत मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रति दुनिया के देशों का विश्वास बड़ा है। इस दौरान यात्रा के संयोजक एवं पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि आज राजस्थान में हर दिन 17 बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन कांग्रेस सरकार इस मामले मे चुप है। सांसद जसकौर मीणा ने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाईवे के लिए जयपुर से बांदीकुई के बीच बन रहे कनेक्टिविटी रोड से बांदीकुई क्षेत्र को एक माह में जोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। इससे क्षेत्र के लोग भी दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाईवे पर चढ़ सकेंगे।

### गहलोत सरकार हर मोर्चे पर विफल

लूणकरणसर में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और केंद्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संबोधित किया। शेखावत ने कहा कि प्रदेश की गहलोत सरकार हर मोर्चे पर विफल है, वहीं केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार सरकार ने जनकल्याणकारी नीतियों के बल पर देश के आमजन के जीवन को सुगम और सरल बनाया है। जनता ने परिवर्तन का संकल्प ले लिया है। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से सत्ता में आएगी और प्रदेश में कानून का राज स्थापित करेगी। भाजपा सरकार ही राजस्थान को फिर से वैभव की तरफ ले जाने का काम करेगी। हम राजस्थान को फिर सौभाग्य के द्वार तक लेकर जाएंगे। प्रदेश में कानून-व्यवस्था, पेपर लीक, किसानों से वादाखिलाफी, दुष्कर्म और दलित अत्याचार और बिजली कटौती गंभीर समस्या बन चुकी है। राजस्थान की आबादी 7.97 करोड़ है, यानी देश की 5.61 प्रतिशत आबादी यहां निवास करती है, लेकिन देश में कुल दर्ज होने वाली रेप की घटनाओं के 22 प्रतिशत केस राजस्थान में रजिस्टर हो रहे हैं।

**जीत की तैयारी:** कमजोर प्रदर्शन वाली सीटों के लिए खास रणनीति

# कांग्रेस में बैठकों का दौर जारी हर सीट को लेकर गहन मंथन

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से गठित की गई प्रदेश कोर कमेटी की बैठक रविवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। इससे पहले कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की भी बैठक हुई। इसमें विधानसभा चुनावों को लेकर टिकट वितरण से लेकर हार-जीत पर मंथन जारी रहा। कोर कमेटी की बैठक सोमवार को होनी थी, लेकिन बैठक में शामिल होने के लिए संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल रविवार शाम को जयपुर पहुंए गए।

इसके बाद विधानसभा चुनावों के लिए एआईसीसी की ओर से गठित प्रदेश कोर कमेटी की पहली बैठक कांग्रेस वॉर रूम में हुई। शाम 7 बजे शुरू हुई बैठक रात 9:30 बजे तक चली। इस दौरान हर एक सीट पर दावेदारों के नाम पर मंथन हुआ और प्रत्येक सीट के हिसाब से आपसी समन्वय के आधार पर कांग्रेस की सरकार को रिपीट करने को लेकर रणनीति तैयार की गई। सूत्रों की माने तो कांग्रेस के वेणुगोपाल ने बैठक में सभी नेताओं को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा जिला और ब्लॉक स्तर पर भी पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियां तेज करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान सीएम अशोक गहलोत ने सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को लेकर जनता के बीच मिल रहे रिस्पांस से वेणुगोपाल को अवगत करवाया और अपनी योजनओं के दम पर जनता में फिर से कांग्रेस को रिपीट करने का विश्वास जताया। डिप्टी सीएम सचिन पायलट और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने भी बैठक में अपनी बात रखी।

कोर कमेटी बैठक में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी, राष्ट्रीय प्रवक्ता मोहन प्रकाश, कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल शामिल हुए। वहीं हरीश चौधरी, महेंद्रजीत सिंह मालवीय और भंवर जितेंद्र सिंह जयपुर से बाहर होने के चलते बैठक में शामिल नहीं हो पाए।



### गोगोई ने की जीत-हार पर चर्चा

कांग्रेस वॉर रूम में रविवार को स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने समिति के सदस्यों के साथ प्रदेश में लगातार दो और तीन बार से हार रही सीटों और इन पर जिताऊ उम्मीदवारों की तलाश के लिए किए गए सर्वे की रिपोर्ट पर चर्चा की। अब गोगोई सोमवार को पार्टी नेताओं के साथ फिर से मंथन करेंगे। सत्ता में वापसी के लिए कांग्रेस की उन 52 सीटों पर पैनी नजर है, जहां से पार्टी लगातार हार का सामना कर रही है और भाजपा इन सीटों को लगातार जीत रही है। ऐसी 52 सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए कांग्रेस युद्ध स्तर पर जुटी है। स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने इन 52 सीटों में से 26 सीटों से जुड़े पार्टी के ब्लॉक अध्यक्षों के साथ लंबा मंथन किया और भाजपा की लगातार जीत के रथ को रोकने के लिए कमर कसी। बाकी 26 ब्लॉक अध्यक्षों के साथ सोमवार को बैठक की जाएगी। गौरव गोगोई का कहना है कि उन्हें प्रदेश की जनता पर पूरा भरोसा है और जनता की राय कांग्रेस के पक्ष में हैं।

### आज कांग्रेस कैंपेन कमेटी की बैठक

कैंपेन कमेटी चेयरपर्सन गोविंद राम मेघवाल ने बताया कि सोमवार को पीसीसी वॉर रूम में कैंपेन कमेटी की दोबारा बैठक की जाएगी। बैठक सुबह 11 बजे होगी, जिसमें विधानसभा चुनावों के प्रत्याशियों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, एआइसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल, पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित कैम्पेन कमेटी के सदस्य मौजूद रहेंगे।

**प्रियंका के भाषण** पर BJP का पलटवार

# मोदी की लोकप्रियता से घबराए कांग्रेस नेता कर रहे बयानबाजी

बेधड़क | जयपुर

निवाई में जनसभा के दौरान कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के भाषण पर प्रदेश भाजपा नेताओं ने पलटवार किया है।

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि एक गरीब परिवार से निकला व्यक्ति प्रधानमंत्री बनकर देश को उंचाईयों पर ले जा रहा तो कांग्रेस को पच नहीं रहा। देश-दुनिया में पीएम नरेन्द्र मोदी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस नेता घबराए हुए हैं और अर्नगल बयानबाजी कर रहे है। प्रियंका गांधी को शायद पता नहीं कि देश में सबसे अधिक बेरोजगारी, महंगाई राजस्थान में ही है। गहलोत सरकार गैस सिलेंडर 500 रुपए में देने की बात कर रही है, उसमें पैसा केन्द्र सरकार का है।



### चुनाव से पहले महंगाई की याद क्यों आई

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि प्रियंका गांधी को राजस्थान में अपनी कांग्रेस सरकार से सवाल करना चाहिए कि जनघोषणा पत्र के पृष्ठ 38 के बिंदु 49 में महंगाई नियंत्रण के लिए आवश्यक व प्रभावी कदम उठाने की घोषणा का क्या हुआ। चुनाव से 6 माह पूर्व मुख्यमंत्री को महंगाई राहत कैम्प की याद क्यों आई। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पेट्रोल-डीजल पर सर्वाधिक वैट, मंडी टैक्स और महंगी बिजली के कारण महंगाई चरम पर है। वहीं सरकार को महिलाओं की सुरक्षा से कोई लेना-देना नहीं है।

**प्रियंका के पास पीड़ितों से मिलने का समय नहीं:** भाजपा की राष्ट्रीय सचिव अल्का गुर्जर ने प्रियंका गांधी पर महिला उत्पीड़न के मामलों पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी राजनीतिक पर्यटन पर बार-बार राजस्थान आती हैं, लेकिन दुष्कर्म पीड़िताओं से मिलने का उनके पास समय नहीं हैं। प्रियंका के कार्यक्रम स्थल से महज तीन किलोमीटर दूर तुर्किया पंचायत के यशोदानपुरी गांव में एक महिला का शव मिला है, लेकिन वे पीड़ितों से मिलने वहां नहीं गई। वे कहती हैं कि 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' तो पीड़ित परिवार के पास क्यों नहीं गई?

**27वां राज्य स्तरीय** सम्मान समारोह आज

## स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से 142 भामाशाह व 78 प्रेरक होंगे सम्मानित

बेधड़क | जयपुर

स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से 27वां राज्य स्तरीय भामाशाह एवं प्रेरक सम्मान समारोह सोमवार को बिड़ला सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी कल्ला होंगे एवं अध्यक्षता शिक्षा राज्यमंत्री जाहिदा खान करेंगी।

वहीं उच्च शिक्षा राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव तथा तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग और शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर प्रदेश में विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं के शैक्षिक, सह शैक्षिक तथा भौतिक विकास के लिए सहयोग करने वाले भामाशाहों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में राज्य स्तर पर 142 भामाशाहों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें से 34 भामाशाहों को शिक्षा विभूषण और 108 भामाशाहों को शिक्षा भूषण सम्मान प्रदान किया जाएगा। वहीं जिला स्तर पर भी 846 भामाशाहों को सम्मानित किया जाएगा।

समारोह के नोडल अधिकारी योगेश चंद्र शर्मा ने बताया कि विसम्मान की यह परंपरा वर्ष 1995 से निरंतर चली आ रही है।

### अब तक कुल 1897 दानदाता हुए सम्मानित

अब तक कुल 1897 दानदाताओं एवं 486 प्रेरकों को सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा एक करोड़ रुपए से अधिक की राशि दान करने वाले दानदाताओं को भामाशाह शिक्षा विभूषण और 15 लाख से एक करोड़ रुपए तक की राशि दान करने वाले दानदाताओं को भामाशाह शिक्षा भूषण एवं 15 लाख रुपए तक की राशि दान करने वाले दानदाताओं को भामाशाह शिक्षाश्री सम्मान से नवाजा जाएगा।

## सिंचाई तंत्र की मजबूती के लिए राशि स्वीकृत

**जयपुर।** प्रदेश में सूक्ष्म सिंचाई तंत्र को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने माइक्रो इरिगेशन फंड योजना में उद्यान विभाग की 765.07 करोड़ रुपए की परियोजना को प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने बजट वर्ष 2023-24 में आगामी तीन वर्षों में 24 अतिदोहित भू-जल ब्लॉक्स के लगभग एक लाख हेक्टेयर क्षेत्र को सूक्ष्म सिंचाई में सम्मिलित करने और धौलपुर कम्युनिटी लिफ्ट इरिगेशन स्कीम में धौलपुर, राजाखेड़ा और सैंपऊ के 28 हजार 800 हेक्टेयर नहरी क्षेत्र को सूक्ष्म सिंचाई योजना में शामिल करने की घोषणाएं की थी।

**भीलवाड़ा मामले को लेकर** केंद्रीय मंत्री पर साधा निशाना

## भ्रम फैलाने के लिए जनता से माफी मांगें गजेंद्र सिंह शेखावत: ओएसडी

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विशेषाधिकारी लोकेश शर्मा ने भीलवाड़ा के गंगापुर थाना क्षेत्र से सामने आई कथित घटना को लेकर केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र शेखावत पर निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने गंगापुर में महिला के साथ कथित गैंगरेप के मामले से जुड़ी एक खबर का स्क्रीनशॉट ट्विटर पर साझा करते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था और पुलिस को सवालों के घेरे में खड़ा किया था। इस पर लोकेश शर्मा ने मामले से जुड़ी तथ्यात्मक जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री के दावे को गलत बताया। दरअसल भीलवाड़ा जिले के गंगापुर थाना क्षेत्र में मूल रूप से ओडिशा की रहने वाली एक महिला का अपहरण करने का मामला सामने आया था, जो कि पुलिस की जांच में झूठा पाया गया।



स्थानीय पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि महिला का अपहरण नहीं हुआ, बल्कि महिला अपनी मर्जी से आरोपियों के साथ गई थी। इस पर लोकेश शर्मा ने राजस्थान पुलिस के ट्विटर हैंडल पर मामले को लेकर दी गई जानकारी का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए गजेंद्र सिंह शेखावत को नसीहत दी कि केंद्रीय मंत्री के पद पर बैठे व्यक्ति को ऐसे संवेदनशील मामलों में जिम्मेदारी से बयान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि गंगापुर मामले में पुलिस सच्चाई का खुलासा कर चुकी है, उसके बावजूद भी झूठ बोलने के लिए केंद्रीय मंत्री शेखावत को जनता को गुमराह रहे हैं। ऐसा करने के लिए उन्हें भीलवाड़ा की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

**प्रियंका गांधी और गहलोत ने की शुरुआत**

# ग्रामीण इंदिरा रसोई योजना का शुभारंभ, 8 रुपए में मिलेगा भोजन

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रियंका गांधी ने रविवार को राजस्थान में एक हजार नई ग्रामीण इंदिरा रसोइयों की शुरुआत की। रिमोट का बटन दबाकर प्रियंका गांधी ने झिलाई गांव के विवेकानंद मॉडल स्कूल से इस योजना की शुरुआत की।

इस दौरान सीएम ने कहा कि इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण) के तहत प्रदेश में 400 ग्रामीण इंदिरा रसोईयों का शुभारंभ किया गया हैं। 25 सितंबर तक इनकी संख्या बढ़ाकर एक हजार कर दी जाएगी। प्रियंका गांधी ने राजीविका से जुड़ी महिलाओं से भी चर्चा की। उन्होंने यहां महंगाई राहत कैंप की लाभावन्ति महिलाओं के साथ सेल्फी ली। इसके बाद निवाई में प्रियंका ने जनसभा को संबोधित किया। प्रियंका ने राजस्थानी में भाषण की शुरुआत करते हुए डिग्गी कल्याणजी और धन्ना भगत के जयकारे लगवाए। सभा में पीसीसी पदाधिकारी व कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### हमें नौजवानों को मंच देना होगा: पायलट

पायलट ने कहा कि हमें नौजवानों को मंच देना होगा। संगठन में यह काफी हद तक हुआ भी है। कुछ हफ्ते पहले राहुल गांधी राजस्थान आए थे। प्रियंका गांधी को यहां की जनता दिल से चाहती है। आपके आने से जनता में उत्साह का संचार होता है। आपने हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक चुनावों में प्रचार किया था तो कांग्रेस की सरकार बनी, यहां भी कांग्रेस की सरकार बनेगी। पायलट ने कहा कि जो पार्टियां लोगों को लड़ाकर सत्ता पाना चाहती हैं, उन्हें पहचानने की जरूरत है। सोनिया गांधी ने देश के लोगों के बीच जगह बनाई है। राजस्थान में जनता अंत में सही निर्णय करेगी, 2023 में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। सभा के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी, कैबिनेट मंत्री डॉ. बीडी कल्ला, लालचंद कटारिया, डॉ. महेश जोशी, रमेश चंद मीणा, भजनलाल जाटव, गोविंद राम मेघवाल, शकुंतला रावत, सालेह मोहम्मद, राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा, डॉ. रघु शर्मा, रेहाना रियाज चिश्ती, सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी व आमजन मौजूद रहे।

### भाजपा का पत्ता साफ करेंगे: डोटासरा

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब से हमारी सरकार राजस्थान में बनी है तब से लेकर आज तक हमारी सरकार ने किसी वर्ग के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी हैं। उन्होंने कहा कि राइट-टू-हेल्थ कानून पूरे देश में सबसे पहले राजस्थान में लागू किया। अंग्रेजी मॉडल स्कूल भी सबसे पहले राजस्थान में बने। यहां सत्ता और संगठन ने समन्वय के साथ काम किया और प्रदेशवासियों के लिए एक से बढ़कर एक योजनाएं दी। इसलिए अब तय है कि जनता ने कांग्रेस को रिपीट करने का मन बना लिया हैं। हमारी योजनाओं और जनता के विश्वास से हम भाजपा का पत्ता साफ करेंगे।

### हम डरेंगे नहीं, लड़ेंगे: प्रदेश प्रभारी रंधावा

प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि असली देशभक्त कांग्रेस के लोग हैं। कांग्रेस ने देश के लिए कुर्बानियां दी हैं। बीजेपी वाले पूछते हैं 70 साल में क्या हुआ। इनका तो आजादी के वक्त जन्म भी नहीं हुआ था। केंद्र सरकार कांग्रेस को डरा नहीं सकी, हम अंगेजों से नहीं डरे। हम सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी से डरने वाले नहीं हैं। केंद्र ईडी, सीबीआई को कल भेजता आज भेज दे, हम डरेंगे नहीं, लड़ेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि हमें विश्वास है कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार जरूर रिपीट होगी।

## जरूरी खबर

### पुष्य नक्षत्र में आज होगा गणेश का पंचामृत अभिषेक



**जयपुर।** मोती डूंगरी गणेश मंदिर में सोमवार को पुष्य नक्षत्र पर ध्वजारोहण और ध्वज पूजन के साथ जन्मोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत होगी। सुबह 8 बजे 251 किलो दूध, 25 किलो बूरा, 50 किलो दही, 11 किलो शहद और 11 किलो घी से भगवान गणेश का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद भगवान का गुलाब जल और केवड़ा जल से अभिषेक होगा। इत्र अभिषेक के बाद ध्वज पूजन और ध्वजारोहण किया जाएगा। इस मौके पर 501 महिलाएं कलश यात्रा लेकर मंदिर पहुंचेंगी। इसके जल से भगवान का अभिषेक किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी का पर्व मनाकर 20 सितंबर को शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### झालाना प्रभारी वनपाल जोगिंदर संस्पेंड

**जयपुर।** झालाना लेपर्ड रिजर्व में हुई प्राइवेट पार्टी के मामले में वन विभाग ने रविवार को आदेश जारी कर क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय और प्रभारी वनपाल झालाना जोगिंदर सिंह को सस्पेंड कर दिया। दरअसल लीला पैलेस की ओर से गुरुवार को झालाना लेपर्ड रिजर्व में वन विभाग के अधिकारियों- कर्मचारियों की मिलीभगत से प्राइवेट पार्टी का आयोजन किया गया था। इस पार्टी में नियमों को ताक पर रख सफारी एरिया में बनी शिकार ओदी में खास मेहमानों के लिए चाय, नाश्ते और फ्रूट्स की व्यवस्था की गई थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक मुनेश गर्ग ने रविवार को दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का ऑर्डर जारी किया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## दावे हुए हवा: जनता को पता नहीं पुलिस भूल गई e-FIR

# बिना थानों के चक्कर लगाए दर्ज नहीं होती एफआईआर

हिमांशु शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** राजस्थान की पुलिस चाहे कितने ही दावे करती हो कि थानों में पहुंचने वाली हर एक एफआईआर दर्ज हो रही है, लेकिन सच्चाई इससे कुछ अलग है। आमजन को थानों के चक्कर नहीं लगाने पड़े इसके लिए आमजन के लिए पुलिस ने ई-एफआईआर दर्ज करवाने का सिस्टम करीब सात साल पहले शुरू किया था, लेकिन यह सिस्टम लचर व्यवस्था के कारण आमजन को लाभ ही नहीं पहुंचा सका। हालात यह है कि प्रदेश के थानों में ऑनलाइन मिलने वाली एफआईआर ही दर्ज नहीं हो रही है। घर बैठे या कहीं से भी ऑनलाइन ई एफआईआर की सुविधा होने के बाद भी पीड़ित थानों को चक्कर काट रहे हैं। यहीं नहीं, अगर किसी ने ई-एफआईआर का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन मामला दर्ज भी करवा दिया तो परिवादी की मिली शिकायत को थाना स्तर पर एफआईआर में दर्ज नहीं किया गया। करीब 4 माह से थानों में में ऐसे पेंडिंग मामले चल रहे है, जिसमें पीड़ित ने घर बैठे ऑनलाइन एफआईआर थाने को भेज दी फिर भी पुलिस ने थाना स्तर पर इस एफआईआर को नहीं काटा। गौरतलब है कि इस ई-एफआईआर सिस्टम का अधिकतर लोगों को पता नहीं है। जो गिने चुने लोग ऑनलाइन मामले दर्ज करवा रहे हैं, उनकी एफआईआर पुलिस दर्ज नहीं कर रही है।



### 4 माह बीत जाने के बाद भी पीड़ित को राहत नहीं

प्रदेश के 16 मामले ऐसे पेडिंग हैं, जिनमें पुलिस ने पीड़ित के ऑनलाइन मामला थाने में भेजे जाने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की। पुलिस के रिकॉर्ड के अनुसार जयपुर के जवाहर नगर थाने में 29 अप्रेल को पीड़ित ने ई-एफआईआर थाने में भेज दी थी। थाना पुलिस ने 4 माह बीत जाने के बाद भी इसमें एफआईआर नहीं दर्ज की पीड़ित को राहत नहीं दी। ऐसे ही राजस्थान के 15 थाने ऐसे हैं, जहां पर 8 सितंबर 2023 तक कई मामले ई एफआईआर के रूप में पहुंचने के बाद दर्ज नहीं हुए। इनमें बालोतारा,आसींद,मांडलगढ़, भाटोली, कुन्हाड़ी, उद्योग नगर, हनुमानगढ़ जंक्शन, प्रतापनगर जोधपुर, बासनी,सूरजपोल उदयपुर में पीड़ित ने ई-एफआईआर तो थाने में भेज दी, लेकिन थाना स्तर पर इसे नहीं काटा गया। इन सभी थानों में एक-एक एफआईआर अप्रैल माह से लेकर 8 सितंबर 2023 तक पहुंची।

### मॉनिटरिंग के बाद भी यही हाल

एफआईआर दर्ज कराने के लिए पुलिस थाने जाने और चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़े, इसके लिए ई एफआईआर एसीआरबी ने शुरू किया था। इस सुविधा की सीधी मॉनिटरिंग स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) कर रहा है। साथ में आपकी शिकायत पर संबंधित थाने के डिप्टी और एसपी भी नजर रखते हैं। इस सिस्टम में परिवादी खुद थाने जाने के बजाय ऑनलाइन सेवा का इस्तेमाल करते हुए एफआईआर दर्ज करवा सकते हैं। सबसे पहले सिर्फ बाइक चोरी के मामले दर्ज करने के लिए इस प्रयोग के लिए शुरू किया गया था।

### जयपुर में सबसे ज्यादा पेंडिंग

एफआईआर दर्ज करवाने के लिए पुलिस को थाने जाने और चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़े, इसके लिए जयपुर के ईस्ट जिले से साल 2017 में ई—एफआईआर अभियान की शुरुआत की गई थी। यहां पर ही सबसे ज्यादा 6 मामले पेंडिंग हैं। जयपुर के जवाहर नगर थाने में 29 अप्रैल को, कानोता में 16 जुलाई, मानसरोवर में 2 जुलाई, विराट नगर में 4 सितंबर और झोटवाड़ा थाने में 1 जून और 18 जुलाई को को परिवादी ने थाने नहीं जाकर ऑनलाइन एफआईआर थाने को भेजी थी, लेकिन पुलिस ने सभी मामलों में एफआईआर दर्ज कर पीड़ित को लाभ नहीं दिया।

> पुलिस कोई एफआईआर इसलिए ही दर्ज नहीं करती, क्योंकि वह मुकदमा दर्ज नहीं करना चाहती है। अगर कोई थाना ई-एफआईआर मिलने के बाद भी एफआईआर नहीं काट रहा है तो इसे दिखवा लेते हैं।
>
> **शरत कविराज,** आईजी, एससीआरबी

## मैराथन: 30 से 35 टिकट वैश्य समाज को मिले



**जयपुर।** वैश्य समाज ने रविवार को मैराथन का आयोजन किया। मैराथन महावीर स्कूल से शुरू होकर रामलीला मैदान तक पहुंची। इससे पहले महावीर स्कूल में जुम्बा करवाया गया। मैराथन का करीब 150 महिलाओं ने कलश लिए स्वागत किया। संयोजक राकेश गुप्ता, समाजसेवी अशोक मित्तल ने बताया कि समाज ने मांग की है कि दोनों प्रमुख पार्टियों की ओर से विधानसभा और लोकसभा चुनाव में समाज को 30 से 35 टिकट दिए जाएं। कार्यक्रम के दौरान मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ, भाजपा मीडिया पैनलिस्ट एकता अग्रवाल, उप-महापौर पुनीत कर्णावत आदि मौजूद रहे।

## सराफ ने कराया सौंदर्यीकरण कार्य

# कारगिल योद्धा कैप्टन अमित भारद्वाज की मूर्ति का अनावरण



बेधड़क| जयपुर

मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने रविवार को मालवीय नगर सेक्टर-9 स्थित दशहरा मैदान में विधायक कोष से कारगिल योद्धा (4- जाट रेजीमेंट) कैप्टन अमित भारद्वाज समाधि स्थल पर सौंदर्यीकरण कार्य और मूर्ति का अनावरण किया। नटवर कुमावत ने बताया कि इस अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों के परिवार के सदस्यों का भी सम्मान किया गया। इनमें शहीद कर्नल जयप्रकाश जानू, शहीद कर्नल आशुतोष शर्मा, शहीद मेजर योगेश अग्रवाल, शहीद मेजर आलोक माथुर, शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट अभिमन्यु सिंह के परिवार के सदस्यों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कैप्टन अमित भारद्वाज के पिता ओमप्रकाश शर्मा, माता सुशीला शर्मा, बहन सुनीता धोंकरिया भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, नगर निगम उप महापौर पुनीत कर्णावत, जयपुर शहर उपाध्यक्ष ब्रह्मकुमार सैनी, उत्तराखंड से विधायक रेणू बिष्ट, मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, जितेंद्र अजमेरा, शैलेश शाह, पार्षद ओम स्वामी, रमेश सैनी, महेश सैनी, कविता कटियार, महेश सैनी बच्चू, लक्ष्मण नुनीवाल, नरेश शर्मा, महिला मोर्चा जयपुर शहर अध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी, धनराज महावर, नरेंद्र सिंह, रामपाल जैन, अशोक चौधरी, धर्मा चौधरी, गजेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जयपुर से अपहृत महिला का शव टोंक में मिला

बेधड़क| जयपुर

कानोता थाना के जामड़ोली की रहने वाली महिला का शव रविवार को टोंक के निवाई में जसोदानदपुरा तुरकिया गांव के समीप सड़क किनारे मिला। दतवास थाना अधिकारी मूलचंद वर्मा ने बताया कि मृतक महिला जामडोली, थाना कानोता जयपुर की रहने वाली है। महिला का नाम सुशीला पत्नी मृगेंद्र मीणा उम्र 35 वर्ष है।

बताया जा रहा है कि जयपुर से इस महिला का शनिवार रात को अपहरण हुआ था। इसके बाद इसकी गला घोंटकर हत्या की गई और लाश को टोंक ले जाकर फेंका गया।

## युवा शक्ति मंच ने भगवा रैली निकालकर रखी मांग

# बेतुका बयान देने वाले नेताओं पर यूसीसी लागू की जाए



बेधड़क| जयपुर

युवा शक्ति मंच राजस्थान की ओर से रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री ए राजा के हिन्दू धर्म को लेकर दिए गए बयान के विरोध में भगवा रैली निकाली गई। हजारों युवा वाहनों पर सवार होकर जलमहल की पाल से रवाना हुए।

रैली जोरावर सिंह गेट, सीताराम बाजार, ब्रहमपुरी खुर्रा, गणगौरी बाजार, छोटी चौपड, त्रिपोलिया गेट चौड़ा रास्ता होते हुए करीब 3 घंटे में रामलीला मैदान पहुंची। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया। लोगों ने भी रैली की मांगों को समर्थन देकर बेतुका बयान देने वाले नेताओं पर कार्रवाई के साथ यूसीसी लागू करने की मांग रखी।

लोगों ने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किया जाए, क्योंकि आज यह कानून भारत की जरूरत बन गया है। इसलिए भगवा रैली में न सिर्फ जयपुर शहर बल्कि, आस-पास के इलाकों में रहने वाले हिन्दू समाज के युवा भी शामिल हुए।

मंच संयोजक सुनील सिंह शेखावत ने बताया कि भारत में देश विरोधी दल और सांप्रदायिक ताकत केंद्र सरकार को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उदयनिधि स्टालिन और पूर्व केंद्रीय मंत्री ए राजा का बयान भी इसी साजिश का हिस्सा है। यह लोग सनातन धर्म के माध्यम से पूरे देश के हिंदू धर्म को निशाना बना रहे हैं। इनके खिलाफ भगवा रैली में हिन्दू संगठनों के युवा एक साथ एक मंच पर आकर विरोध कर रहे हैं, ताकि इस तरह के बेतुका बयान देने वाले नेताओं की असलियत आम जनता को भी पता चल सके।




## एक साल से इंतजार, नहीं हुआ समायोजन

# ...तो 25 हजार टीचर्स के वेतन पर संकट

श्रवण भाटी | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश के करीब 25 हजार शिक्षक अपने समायोजन का इंतजार कर रहे हैं। अगर इस प्रक्रिया को जल्द नहीं अपनाया गया तो अध्यापकों की नई भर्ती की नियुक्ति के बाद करीब 25 हजार शिक्षकों के वेतन और पदस्थापन पर संकट आ जाएगा। बीते एक साल में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक को उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत तो किया गया, लेकिन शिक्षा विभाग ने इसमें शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की। शिक्षा विभाग ने पिछले सत्र से अब तक 6 हजार से अधिक विद्यालयों को उच्च माध्यमिक स्कूल में क्रमोन्नत किया है। विभाग में करीब 25 हजार शिक्षक अधिशेष चल रहे हैं। गौरतलब है कि प्रारंभिक शिक्षा के विद्यालय माध्यमिक में क्रमोन्नत होने पर प्रारंभिक के स्टाफ को अधिशेष कर दिया जाता है। ऐसे में उनका वेतन प्रारंभिक शिक्षा के अन्य विद्यालयों के रिक्त पदों से किया जा रहा है, लेकिन वो शिक्षक कार्य क्रमोन्नत माध्यमिक विद्यालय के ही कर रहे हैं।



### एक वर्ष से अटका समायोजन

क्रमोन्नत विद्यालयों में चार पद तृतीय श्रेणी अध्यापकों के रिक्त चल रहे हैं। इन प्रारंभिक शिक्षा के विद्यालयों के द्वितीय श्रेणी शिक्षकों का समायोजन क्रमोन्नत विद्यालय में कर दिया गया है, लेकिन तृतीय श्रेणी के चार शिक्षकों का समायोजन एक वर्ष होने के बाद भी अटका हुआ है। सरकार के आदेशों में जबकि यह था कि क्रमोन्नत विद्यालय में लेवल वन के दो अध्यापक और लेवल 2 के गणित- विज्ञान एवं अंग्रेजी के दो अध्यापकों को समायोजन किया जाना था।

### लेवल वन में जिले हुए आवंटित

अध्यापक भर्ती 2022 में रविवार को लेवल वन के नॉन TSP क्षेत्र के सामान्य शिक्षा के पदो पर पदस्थापन की प्रक्रिया जारी कर जिला आवंटन कर दिया है। ऐसे में अगर प्रारंभिक शिक्षा के खाली पर नवनियुक्त शिक्षको का पदस्थापना हो जाती है तो अधिशेष शिक्षकों के पदस्थापना और वेतन को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा हो जाएगी।

> अधिशेष शिक्षकों को पहले समायोजित किया जाए, उसके बाद ही नवनियुक्त का पदस्थापन किया जाए। 25 हजार से अधिक अधिशेष शिक्षकों का समायोजन कर शिक्षकों वेतन और कार्य स्थान काउंसलिंग कर समायोजन किया जाना चाहिए।
>
> **विपिन प्रकाश शर्मा,** प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ

## जरूरी खबर

### रिवर फ्रंट पर 2500 पुलिसकर्मी संभालेंगे व्यवस्था



**कोटा।** जिले में 12-13 सितंबर को होने वाले सिटी पार्क और चंबल रिवर फ्रंट के उद्घाटन समारोह में करीब ढाई हजार पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। वहीं अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के ड्यूटी पॉइंट भी तय कर दिए गए हैं। रविवार को रिवर फ्रंट पर अधिकारियों ने निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कोटा एसपी शरद चौधरी ने बताया कि उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत और मंत्रीमंडल, विधायकों और वीआईपी गेस्ट के लिए खास सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

### आबकारी विभाग ने नकली शराब की फैक्ट्री पकड़ी

**भीलवाड़ा।** जिले की आबकारी टीम ने रविवार को नकली शराब बनाने वाली एक फैक्ट्री पकड़ी है। टीम ने शराब बनाते हुए काना नाथ को भी गिरफ्तार किया है। आबकारी अधिकारी लोकेश जोशी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चितांबा के फाकोलिया गांव में ठाकुर भानू प्रताप सिंह के खेत पर नकली शराब बनाने की फैक्ट्री पर दबिश दी। टीम को 25 लीटर शराब, 200 लीटर स्प्रिट, कुछ नकली शराब पैक किए हुए पव्वे, शराब कंपनी के लेबल, ओटोमेटिंग पैकिंग मशीन व पानी की मशीन मिली है, जिसे टीम ने जब्त कर लिया गया। पूछताछ में नकली शराब गिरोह का बड़ा खुलासा हो सकता है।

### ऑनलाइन जुआ खिलाने वाली गैंग के 3 शातिर पकड़े



**सीकर।** जिले की सदर थाना पुलिस ने ऑनलाइन जुआ खिलाने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 13 मोबाइल और लैपटॉप जब्त किए हैं। सदर थानाधिकारी सुनील जांगिड़ ने बताया कि सोमवार को मुखबिर के जरिए नई चौराहे की तरफ से बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर आरोपियों के आने की सूचना मिली थी। इस पर आरोपी विक्रम सिंह जाट (30), इंद्र सिंह बीका (23) और अनिल कुमार जाट (23) निवासी फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपी कई ऑनलाइन वेबसाइट पर आईडी बनाकर लोगों को जुआ खिलाने का काम करते हैं।

**शो में आज रात 9 बजे राजपूती ड्रेस में** अमिताभ बच्चन के सामने नजर आएंगी नीरू यादव

# केबीसी की हॉट सीट पर पहुंची बुहाना की हॉकी वाली सरपंच

**बेधड़क** | बुहाना

हॉकी वाली सरपंच के नाम से मशहूर नीरू यादव सोमवार को रात 9 बजे कौन बनेगा करोड़पति में बिग-बी अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर नजर आएंगी। केबीसी में पहुंचने वाली नीरू यादव बुहाना पंचायत समिति के लांबी अहीर की सरपंच हैं।

केबीसी के 15वें सीजन में शेखावाटी से हॉट शीट पर पहुंचने वाली वे पहली महिला बन गई हैं। केबीसी में पहुंचने वाली सरपंच की बात करें तो संभवत देश की पहली महिला सरपंच हैं। सरपंच नीरू यादव ने जीती गई राशि महिला सशक्तीकरण, बालिकाओं की पढ़ाई व खेल के लिए देने की घोषणा की है। गांव की लड़कियों, महिलाओं और पर्यावरण पर्यावरण संरक्षण के लिए हमेशा नवाचार करने वाली सरपंच नीरू यादव ने बताया कि जब उनके पास पहली बार केबीसी से फोन आया तो विश्वास ही नहीं हुआ।

उनको हॉकी वाली सरपंच के नाम से मिली पहचान से केबीसी में सेलिब्रिटी के तौर पर जाने का मौका मिला और वे हॉट शीट तक पहुंच गई।

नीरू यादव ने बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को गांव की महिलाओं व लड़कियों की पीड़ा भी बताई। अमिताभ बच्चन ने नीरू के हॉकी व बर्तन बैंक के नवाचार की खूब सराहना की। गांव के लोगों ने बताया कि हमारी सरपंच केबीसी में पहुंचीं और समस्या को राष्ट्रीय स्तर पर रखा, यह हमारे लिए गर्व की बात है।



#### सरपंच बन बदली गांव की तस्वीर

बता दें कि 2020 में नीरू यादव लांबी अहीर की सरपंच बनीं। इसके बाद उन्होंने अपने गांव की तस्वीर बदल डाली। उन्होंने लड़कियों के लिए हॉकी टीम तैयार की। इतना ही नहीं उन्होंने अपने वेतन से बच्चियों के लिए एक कोच भी रखा। नीरू का काम सिर्फ यहीं खत्म नहीं हुआ। वह लड़कियों की ट्रेनिंग का भी ख्याल रखतीं हैं। सुबह उन्हें उठाकर ग्राउंड तक लाती हैं। इसके अलावा नीरू यादव एक बर्तन बैंक का संचालन करती हैं, जिसका कोई किराया नहीं लिया जाता हैं। इस पहल के पीछे उनकी सोच न केवल प्लास्टिक कचरे को कम करना है बल्कि गांव को 'कचरा मुक्त और प्लास्टिक मुक्त' बनाना है। उन्होंने बताया कि अब गांव के लोगों के बीच प्लास्टिक यूज लगभग बंद हो गया है।

#### सच्ची सहेली महिला एग्रो एफपीओ का संचालन

नीरू भारत की पहली महिला सरपंच है, जो सच्ची सहेली महिला एग्रो के नाम से एफपीओ का संचालन करती हैं। इससे किसानों को खाद बीज या अन्य सामग्री वाजिब दामों में मिलता है। वहीं पंचायत व सरपंच के कर्तव्यों को लेकर सरंपच सीरीज के नाम से अपने सोशल मीडिया पर वीडियो भी शेयर करती हैं, जो काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। उन्होंने पीएमकेवीवाई योजना के तहत 10 लड़कियों को प्रशिक्षित किया और सभी को बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी प्राप्त करने में मदद की। नीरू यादव आदित्री फाउंडेशन एनजीओ का भी संचालन करती हैं। फिलहाल आदित्री फाउंडेशन के नेतृत्व में 'मेरा दोस्त-मेरा पेड़' अभियान शुरू किया है। इसके तहत सरकारी स्कूलों के बच्चों को पौधे वितरित किए जा रहे हैं।

**नागौर जा रही थी निजी बस,** तभी हुआ हादसा, 4 गंभीर जोधपुर रेफर

# बस-ट्रेलर की आमने-सामने से भिड़ंत, 4 की मौत, 18 घायल

■ नागौर से चार किमी दूर अमरपुरा गांव की मुख्य सड़क पर हुआ हादसा

**बेधड़क** | नागौर

जिले में रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें चार लोगों की मौत हो गई वहीं 18 लोग घायल हो गए। इनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें इलाज के लिए जोधपुर रेफर किया है। हादसा नागौर से चार किमी दूर अमरपुरा गांव की मुख्य सड़क पर हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जेएलएन हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार प्राइवेट बस खेराट गांव से नागौर जा रही थी, जबकि हरियाणा नंबर का ट्रेलर नागौर से खेराट जा रहा था। इस ट्रेलर में ड्रम भरे हुए थे। अमरपुरा गांव की मुख्य सड़क पर दोनों वाहनों की आमने सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। वाहनों के टकराने का धमाका सुनकर लोग सकते में आ गए और घायलों की मदद की। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला और जेएलएन हॉस्पिटल अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने चार यात्रियों को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि चार यात्रियों को गंभीर हालत में जोधपुर रेफर कर दिया गया।





#### हादसे में इनकी गई जान

बस और ट्रेलर की टक्कर में खेराट निवासी मांगीलाल (50) पुत्र मदनलाल, सहदेव (25) पुत्र गैनाराम लुहार, डेह निवासी हुसैन (41) पुत्र साबिर और रमजान (22) पुत्र उमरदीन की मौत हो गई। वहीं हादसे में तीन साल के बच्चे देवेंद्र सिंह पुत्र शेर सिंह समेत डेह निवासी मोहम्मद जाकिर (25) पुत्र जलालुद्दीन, सलीम (23) पुत्र अहमद और इमरान (22) पुत्र जलालुद्दीन को गंभीर चोटें आई हैं। चारों को गंभीर हालत में जोधपुर के एमडीएम अस्पताल में इलाज चल रहा है।

#### ट्रेलर की चपेट में आने से गार्ड ने दम तोड़ा

**आबूरोड।** रीको थाना क्षेत्र के मावल चौकी के पास ट्रेलर ने सड़क पर खड़े परिवहन विभाग के गार्ड को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गार्ड छैल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। वहीं इस घटना के बाद ट्रेलर का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर रीको थाना अधिकारी सुरेश चौधरी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। ट्रेलर गुजरात से कोयला भरकर राजस्थान की ओर जा रहा था। इस दौरान मावल चौकी के पास रामदेवरा मेले को लेकर परिवहन विभाग की ओर से चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान ट्रेलर ने सड़क पर खड़े गार्ड को पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस ने मौके से ट्रेलर को कब्जे में ले और शव को आबूरोड के राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इसके बाद मृतक के परिजनो को सूचना दी। वहीं परिजनों ने रीको थाने में सड़क हादसे को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई। रीको थाना पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

#### जेएलएन हॉस्पिटल में इनका चल रहा इलाज

हादसे में घायल हुए सलीम (22) निवासी डेह, सहदेव निवासी गगराना गोहटन, संतोष (40) निवासी खेराट, पार्वती (62) निवासी जानेवा, हुकमाराम (60) निवासी डेह, मनसीराम (19) निवासी डेह, हेतराम (25) साल निवासी खेराट, जगदीश (23) निवासी डेह, जितेंद्र (21) निवासी खेराट, रामनिवास (24) निवासी मीठा मंजरा, मुश्ताक (32) निवासी डेह, किशोर (20) निवासी डेह, संपत (30) निवासी खेराट, गोरधन (70) निवासी खेराट का नागौर के जेएलएन हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

**नहाते समय** हुआ हादसा

## बकरियां चराने गए 3 बच्चों की एनिकट में डूबने से थमी सांसें





**बेधड़क** | राजसमंद

जिले के कुंवारिया थाना क्षेत्र के जूनदा खेड़ी गांव में तीन बच्चों की मौत होने से सनसनी फेल गई। यहां बकरियां चराने गए 3 बच्चों की एनिकट में डूबने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। लोगों ने मौके पर पहुंचकर तीनों बच्चों को पानी से बाहर निकाल कर रेलमगरा अस्पताल पहुंचाया।

अस्पताल में डॉक्टरों ने तीनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने हादसे की सूचना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कुंवारिया थाना पुलिस ने तीनों बच्चों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा। कुंवारिया पुलिस ने बताया कि राजसमंद के कुंवारिया थाना क्षेत्र के जूनदा खेड़ी गांव में दो सगे भाई-बहन नारायण लाल (9), पूजा (8) पिता सुरेश रावत और चचेरा भाई नरेंद्र रावत (9) तीनों बकरियां चराने गए थे। इस दौरान तीनों बच्चे खेत में बने एनीकट में नहाने लगे। नहाने के दौरान एक बच्चा पानी में डूबने लगा। उसको डूबते देखकर दोनों बच्चे उसे बचाने का प्रयास करने लगे, लेकिन बच्चे इसमें असफल रहे और तीनों बच्चों की डूबने से मौत हो गई।

काफी देर तक जब बच्चे घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। परिजन बच्चों को ढूंढते हुए खेत पर पहुंचे, जहां एनीकट में तीनों बच्चों के शव पानी में तैरते मिले। परिजनों ने शोर मचाकर ग्रामीणों को एकत्र कर लिया। लोगों ने तीनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**RTDC चेयरमैन के नेतृत्व में** कार्यकर्ता प्रियंका की सभा में पहुंचे

## सीएम गहलोत के फैसले जनता को राहत देने वाले: धर्मेंद्र राठौड़

**बेधड़क** | अजमेर

होटल खादिम से आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ के नेतृत्व में सोमवार को निवाई में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की जनसभा में शामिल होने के लिए अजमेर उत्तर विधानसभा से सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी रवाना हुए।

चेयरमैन राठौड़ ने सभी कार्यकर्ताओं की बसों व कारो को रवाना किया। राठौड़ के नेतृत्व में 10 बसें व 30 से ज्यादा कारों में कार्यकर्ता नारे लगाते हुए जोश के साथ निवाई पहुंचे और जनसभा में शामिल हुए।



इस मौके पर चेयरमैन राठौड़ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गहलोत सरकार ने जन कल्याण के कई बड़े फैसले किए हैं, जो देश-दुनिया में नहीं हुए है। देश में सबसे पहले ओल्ड पेंशन स्कीम हमारी सरकार ने शुरू की है। मंहगाई से राहत देने के लिए उज्ज्वला योजना में घरेलू गैस सिलेंडर 500 रुपए दिया जा रहा है।

**भाजपा नेता राजकुमार बागड़ा ने** जन्मदिन के बहाने किया शक्ति प्रदर्शन

## संत-समागम के बीच वृद्धजनों का सम्मान

**बेधड़क** | आमेर

विधानसभा क्षेत्र के दौलतपुरा टोल टेक्स के पास स्थित विष्णु विला बगवाड़ा में रविवार को भाजपा नेता व जनसेवक राजकुमार शर्मा बागड़ा के जन्मदिवस के अवसर पर संत समागम एवं वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को बागड़ा की ओर से शक्ति प्रदर्शन भी माना गया। बड़ी संख्या में उनके समर्थक और शुभचिंतक आयोजन में शामिल हुए। संतसमागम एवं सम्मान समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ। इस मौके पर त्रिवेणी धाम के संत रामरिछपाल महाराज, हाथोज धाम के बालमुकुंदाचार्य, घाट के बालाजी के सुदर्शनाचार्य, परकोटा गणेश मंदिर से अमित शर्मा, मेहंदीपुर बालाजी से सुदीप तिवाड़ी, डूंगरी धाम श्रीगुरु मां ममतादासजी हरिद्वार, हीरापुरी महाराज, धर्म प्रचारक विजय शंकर पांडेय, गीता गायत्री मन्दिर से राजकुमार चतुर्वेदी सहित अनेक संत-महंत मौजूद रहे। समारोह में गो भक्त भजन सम्राट संत प्रकाश दास महाराज ने भजनों की रसधारा से माहौल को उत्सवी बनाया।



जनसेवक राजकुमार बागड़ा के नेतृत्व में 200 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। वहीं आमेर के निवासियों की समस्याओं के निवारण के लिए जन समस्या समाधान कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस दौरान बागड़ा ने कहा कि आमेर विधानसभा क्षेत्र की सेवा करना ही पहला लक्ष्य है। राजकुमार बागड़ा ने जन्मदिवस के बहाने शक्ति प्रदर्शन कर भाजपा के टिकट के लिए दावेदारी पेश की।

**भाजपा में फिर सामने आई गुटबाजी**

# पूर्व मंत्री को तव्वजो नहीं देने पर समर्थकों का हंगामा

**बेधड़क** | दौसा

भारतीय जनता पार्टी में एक बार फिर से गुटबाजी उस समय खुलकर सामने आ गई जब दौसा पहुंची परिवर्तन यात्रा की जनसभा में पूर्व मंत्री रामकिशोर मीणा को तव्वजो नहीं दिए जाने से नाराज उनके समर्थकों ने अपनी ही पार्टी के नेताओं के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

समर्थकों का आरोप था कि रथ में सवार नेताओं ने पूर्व मंत्री रामकिशोर मीणा को यात्रा के रथ में जगह नहीं दी, वहीं जनसभा के मंच पर भी उन्हें नहीं बैठाया गया। करीब 15 मिनट तक पूर्व मंत्री के समर्थन में जमकर हंगामा हुआ। पूर्व मंत्री के समर्थक मंच पर भी चढ़ गए और केंद्रीय मंत्री व प्रदेश के नेताओं के सामने विरोध दर्ज कराया। दरअसल भाजपा की परिवर्तन यात्रा ने रविवार दोपहर बांदीकुई विधानसभा क्षेत्र से गुजरते हुए सिकराय क्षेत्र के सिकंदरा इलाके में प्रवेश किया।

पीचूपाड़ा टोल प्लाजा पर पूर्व मंत्री रामकिशोर मीणा समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता स्वागत के लिए पहुंचे। जहां स्वागत के बाद पूर्व मंत्री रथ में चढ़ने लगे तो उन्हें रोक दिया गया। इस पर मीणा के साथ मौजूद समर्थकों ने आपत्ति दर्ज कराई, लेकिन पूर्व मंत्री नाराजगी जताते हुए वापस सिकंदरा पहुंचे, जहां से वे जयपुर के लिए रवाना हो गए। वहीं इस मामले में पूर्व मंत्री रामकिशोर मीणा ने बताया कि पूर्व राज्यसभा सांसद आरके वर्मा, मंडल अध्यक्ष व यात्रा संयोजक ने मुझे फोन कर यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया था। इस पर मैं पीचूपाड़ा टोल प्लाजा पहुंचा, जहां यात्रा संयोजक व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने मुझे रथ में चढ़ने से रोका दिया। इसके बाद मैं जयपुर के लिए रवाना हो गया। हंगामे के बारे में मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है।



#### चतुर्वेदी भाषण देने खड़े हुए तो बरपा हंगामा

सिकंदरा चौराहे के गीजगढ़ रोड आयोजित जनसभा में सांसद जसकौर मीणा के भाषण के बाद यात्रा संयोजक अरुण चतुर्वेदी भाषण देने के लिए उठे तो पूर्व मंत्री मीणा के समर्थकों हंगामा खड़ा कर दिया। दर्जनों समर्थकों ने विरोध जताते हुए नारेबाजी की, वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष के खिलाफ भी नारे लगाए। इस दौरान युवा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष पिंटू सैनी ने समर्थकों को रोकने का प्रयास किया तो वह मंच पर चढ़ गए और केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर व सांसद जसकौर मीणा के सामने नारेबाजी करने लगे।

#### चार बार एमएलए व दो बार रहे चुके हैं मंत्री

पूर्व मंत्री रामकिशोर मीणा दौसा जिले में भाजपा के कद्दावर नेता रहे हैं। वे सिकराय विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक और दो बार राज्य सरकार में मंत्री रहे चुके हैं। इसके अलावा व भाजपा संगठन में वे दो बार प्रदेश उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। सौम्य व मिलनसार छवि के पूर्व मंत्री की सिकराय समेत आस-पास के क्षेत्र के लोगों में मजबूत पकड़ मानी जाती है।

**दूध डेयरी की आड़ में नशा कारोबार**

## 40 लाख का 386 किलो डोडा-चूरा जब्त, आरोपी धरा

**बेधड़क** | अजमेर

पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम ने केकड़ी के थाना भिनाय इलाके में दूध डेयरी की आड़ में नशे के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ राताकोट गांव में छापा मार दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति के कार्यालय और गोदाम से 385 किलो 700 ग्राम डोडा चूरा बरामद किया है।

इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 40 लाख रुपए है। मौके से थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। महानिरीक्षक पुलिस (अपराध) प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि नशे के खिलाफ सीआईडी क्राइम ब्रांच की दो दिन में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। शुक्रवार को भी टीम ने ब्यावर जिले में 625 किलो डोडा पोस्त बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार करवाया था। आईजी ने बताया कि संयुक्त टीम ने राताकोट गांव में युवराज सिंह के दुग्ध डेयरी कार्यालय और गोदाम पर दबिश दी। यहां 19 प्लास्टिक के कट्टों से भरा डोडा चूरा बरामद कर आरोपी विकास तिवाड़ी निवासी गुलाबपुरा को थाना गिरफ्तार किया गया।

कार्रवाई में एएसआई बनवारी लाल शर्मा की विशेष भूमिका रही। टीम में हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार, सोहन सिंह, राकेश जाखड़ और कांस्टेबल जितेंद्र कुमार व कुलदीप सिंह भी शामिल रहे।

- कोटा के हालात बजा रहे हैं अलार्म
- स्टूडेंट्स लिख रहे सुसाइड नोट, कर रहे जीवन समाप्त
- सरकार से सबको उम्मीदें, प्रयास जारी

## पढ़ाई का तनाव लेकर अंधकार में डूब रही है जिंदगी की नाव

# आखिरी खत और सब खत्म...

ये दो पत्र दो विद्यार्थियों ने खुदकुशी करने से पहले लिखे हैं। दोनों ही कोटा में अपने भविष्य को संवारने के लिए आए थे। उन्होंने अपने प्रयास शुरू किए, फिर अंकों की दौड़ में अव्वल आने के लिए अपना सब कुछ लगा दिया। उम्मीदों के पहाड़ और किताबों के बोझ के नीचे यह बचपन उठने से पहले ही दबता चला गया। ये तो बानगी भर है, ऐसे एक नहीं कई मामले सामने आए हैं। कोटा में हो रहे आत्महत्या के इन मामलों ने प्रशासन से लेकर परिजनों तक को झकझोर कर रख दिया है। दोनों के जहन में ही हरकत है। दोनों को ही जरूरत है हालात को समझने की। साल 2023 में 24 बच्चे तक अब तक अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं।

### लेटर-1

मई में कोटा में एक छात्र ने सुसाइड किया। छात्र का नाम नवलेश कुमार था। नवलेश कुमार 12वीं कक्षा का छात्र था। एक कोचिंग संस्थान से नीट की तैयारी कर रहा था। छात्र ने सुसाइड नोट में पढ़ाई के दबाव का जिक्र किया है। अपने सुसाइड नोट में लिखा है कि मम्मी-पापा सॉरी, आप दोनों बहुत अच्छे हो। मम्मी अच्छी हैं, बहुत ही प्यार करती हैं। आगे जिक्र किया कि वह मम्मी-पापा की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पा रहा है।

### लेटर-2

वे नहीं जानते, मेरे अंदर क्या चल रहा है... सत्रह साल की कीर्ति त्रिपाठी ने खुदकुशी की। उसने पांच पेज का सुसाइड लेटर लिखा। इसमें उसने लिखा कि मुझे माफ कर दो। मेरे दिमाग में जो शोर है और मेरे दिल में जो घृणा है, घृणा मेरे खुद के लिए, वह पागल करने वाली है। मुझे जानने वाले अधिकांश लोग कहेंगे कि मैं कभी आत्महत्या नहीं करूंगी और मेरे पास इसका कोई कारण भी नहीं है। वे नहीं जानते हैं कि मेरे अंदर क्या चल रहा है।



### इस साल 24 केस आए सामने

जनवरी से लेकर अब तक कोटा में सुसाइड के 24 केस सामने आ चुके हैं। अगस्त महीने में ही 6 स्टूडेंट की जान गई है। बड़ी बात यह है कि इन 24 में से सात बच्चे ऐसे हैं, जिन्हें कोचिंग में दाखिला लिए छह महीने भी पूरे नहीं हुए थे। कोटा में औसतन हर महीने तीन छात्र खुदकुशी करते हैं। साल 2022 में 15 छात्रों ने आत्महत्या की थी। यहां 2015 से 2019 के बीच 80 स्टूडेंट्स ने सुसाइड किया है।

### कोटा में पुलिस हेल्पलाइन शुरू

ऐसा नहीं है कि प्रशासनिक स्तर पर पुलिस कोई कार्य नहीं कर ही है। कोटा में पुलिस की ओर से एक खास तरह का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने कोटा में स्टूडेंट सेल नाम से एक हेल्पलाइन शुरू की है। इस हेल्पलाइन का कार्य कोचिंग, हॉस्टल, मैस आदि के आस पास रहना और स्टूडेंट्स से बातचीत करना है। उनकी समस्याएं जानना, उनका समाधान तलाश कर उनका तनाव दूर करना है। इस स्टूडेंट सेल का इंचार्ज अभय कमांड और कंट्रोल सेंटर के प्रभारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ठाकुर चंद्रशील कुमार को बनाया है। पुलिस की ओर से तीन नंबर भी जारी किए गए हैं। इनमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से 8764520409, सह प्रभारी पुलिस निरीक्षक 8764520410 व हेल्पलाइन 9530442778 पर कोचिंग छात्र संपर्क कर सकते हैं।

### कलेक्टर ने लिखा खुला पत्र



कोटा में एक के बाद एक हो रही विद्यार्थियों की आत्महत्या को लेकर जिला कलेक्टर ओपी बुनकर ने कुछ दिनों पूर्व विद्यार्थियों के नाम खुला पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा था कि आज मुझे जैसे ही सूचना मिली कि एक और छात्र ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मन व्यथित हो गया। आंखें नम हो गई। मैं चिंतित हूं कि ऐसा क्यों हुआ? हमने एक होनहार बच्चे को हमेशा के लिए खो दिया। तुम तो चले गए, पर जाने से पहले काश यह तो सोच लेते कि तुम्हारे माता-पिता पर क्या गुजरेगी। जो तुम्हारे सपनों को पूरा करने के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर रहे हैं। जब तुम अपने सपने को सच करने के लिए पहली बार मेरे कोटा शहर में आए तो यहां आकर मेरे परिवार के सदस्य बन गए। मैं शहर में आने वाले हर बच्चे का ख्याल रखूं और उन्हें एक खुशनुमा माहौल दूं यह प्रयास हर समय करता रहता हूं। मैंने कई बार आपके बीच सुखद पल बिताए हैं। बच्चों, अपनी मंजिल को पाने के लिए तुम बहुत मेहनत कर रहे हो, पर एक रास्ता बंद होने पर कई और भी रास्ते तुम्हारा इंतजार कर रहे हैं। कभी-कभी तुम्हे लगता है कि इतनी मेहनत के बावजूद तुम वह हासिल नहीं कर पा रहे हो, जो तुम्हे मिलना चाहिए, लेकिन यह भी सच है कि असफलता सफलता की पहली सीढ़ी होती है। कोचिंग लेते हुए एक टेस्ट की रैंकिंग क्या गिरी तुमने अपने आप को टूटा हुआ मान लिया। हमेशा तनावग्रस्त रहने लगे। हॉस्टल की चारदीवारी में अपने आप को कैद कर लिया और बस यही सोचते रहे कि अब आगे कुछ नहीं हो सकता। याद रखें, कोई भी असफलता आपके व्यक्तित्व का पैरामीटर नहीं है। तनाव होने पर एक बार बाहर आकर तो देखो क्या नहीं है मेरे शहर में। दुनिया का खूबसूरत रिवर फ्रंट, चंबल की हिलोरें लेती लहरें, खूबसूरत ग्रीन पार्क, हर चौराहे की रोशनी आपके स्वागत को आतुर हैं। कभी-कभी तो मैं खुद तुम्हारे चेहरे पर हंसी देखने के लिए संगीत में मस्त हो जाता हूं। बाहर की आबोहवा, दोस्तों से मिलना और दिन के कुछ घंटे, कुछ मस्ती और फन में भी गुजारने चाहिए। इस शहर में तुम अकेले नहीं हो। मैं हूं ना, हर विद्यार्थी के लिए मेरा घर- मेरा ऑफिस हमेशा खुला है। मन में संकोच मत रखना। तनाव को साझा करना सीखो। आपके मन में किसी भी प्रकार का डर या तनाव है तो आकर मुझसे साझा करें। आपके मानसिक दबाव को दूर करने के लिए मैंने संडे को फन-डे बनाने का फैसला लिया है। इस दिन सिर्फ तुम्हारे साथ संगीत की सुरमई शाम होगी, दोस्तों से मिलने का मौका होगा। न कोई टेस्ट का डर, बस मस्ती ही मस्ती। अपने आपको तरोताजा रखने के लिए रोज सुबह कुछ देर योगा कर सकते हो। कोचिंग संस्थान, हॉस्टल, कई सामाजिक संस्थाएं एवं जिला प्रशासन की पूरी टीम हमेशा आपके चेहरे पर मुस्कराहट के लिए प्रयासरत है।

### उठाए जा रहे हैं कई कदम

कोटा में हो रहे इन सुसाइड को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गंभीरता दिखाई। अधिकारियों को इन्हें रोकने के लिए सुझाव देने के लिए एक कमेटी बनाने का आदेश दिया। गहलोत ने कहा था कि कमेटी में कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधि, माता-पिता और डॉक्टर समेत सभी हितधारक शामिल होंगे और कमेटी अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। गहलोत ने कक्षा 9 और 10वीं में पढ़ने वाले छात्रों पर पड़ने वाले बोझ का जिक्र किया था। इसके बाद हाल ही में इन घटनाओं पर मंथन करने और कारण जानने के लिए गठित की गई राज्य स्तरीय कमेटी ने 8 घंटे तक मीटिंग की। इन 8 घंटों में अलग अलग वर्ग के साथ मीटिंग कर, सुझाव आमंत्रित किए गए। यहां कोचिंग संस्थानों को स्टडी के घंटे कम करने और मनोरंजक गतिविधियों को अपनी दिनचर्या में शामिल करके छात्रों के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने की सिफारिश की है। इसी दौरान राज्य सरकार ने कोटा के कोचिंग सेंटरों में रूटीन टेस्ट कराने पर रोक लगा दी है। सरकार की ओर से जारी किए गए नोटिफिकेशन के मुताबिक, अगले दो महीने तक बच्चों को मेंटल सपोर्ट और सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी, इसके लिए दो महीने तक रूटीन टेस्ट आयोजित नहीं किए जाएंगे।



## ऐसे समझिए इशारे...




### कारण जो छिपे हैं इसकी जड़ में

- **पढ़ाई का तनावः** कोचिंग इंस्टीट्यूट में पढ़ाई का तनाव होता है। दूसरे शहरों से यहां आए कई स्टूडेंट स्टडी कवर नहीं कर पाते। पढ़ाई में दूसरे बच्चों की तुलना में कमजोर रह जाते हैं। टेस्ट में नंबर कम लाते हैं। एग्जाम में सलेक्शन नहीं हो पाता। इससे सुसाइड टेंडेसी बढ़ती है।
- **शारीरिक समस्याएं:** कोचिंग लेने वाले अधिकांश स्टूडेंट की उम्र 16 से 18 साल होती है। इस उम्र में शरीर और सोच में बदलाव आते हैं। बच्चा इन्हें समझ नहीं पाता। कोटा में वह अकेला हो जाता है। उसे समझाने वाला भी कोई नहीं रहता। इसकी वजह से तनाव बढ़ता है।
- **मानसिक परेशानी:** कुछ बच्चे मानसिक तनाव ले लेते हैं। इसका कारण प्रेम प्रसंग हो सकता है, परिवार की ओर से बच्चे पर दबाव या कोचिंग का दबाव हो सकता है।
- **पारिवारिक कारण:** 16-17 साल माता-पिता और परिवार के साथ रहा बच्चा अचानक अकेला हो जाता है। उस पर पढ़ाई का भारी प्रेशर आ जाता है। परिवार से इमोशनली अटैच कुछ बच्चे इस दूरी को झेल नहीं पाते। इसका असर पढ़ाई पर और फिर दिमाग पर पड़ता है। परिवार से दूर रहकर न खाना अच्छा मिलता है, ना ही केयर मिलती है।
- **आर्थिक दिक्कतें:** कोचिंग स्टूडेंट्स के पेरेंट्स आर्थिक रूप से संपन्न हों, जरूरी नहीं। सामान्य या गरीब वर्ग के बच्चे कोटा में संपन्न परिवारों के बच्चों को रहन-सहन देखते हैं। वे खुद को आर्थिक रूप से कमजोर समझने लगते हैं। यह तनाव का कारण बन जाता है।

- जब स्टूडेंट तनाव में हो। बार-बार खुद को कोसता हो, मरने की बात जाहिर करता हो। कहे कि वह किसी काम का नहीं है। दुनिया से परेशान हो चुका है। किसी व्यक्ति, परिवार या संस्था से परेशान हो चुका हो। जीने की इच्छा खत्म होने की बात करता हो। ऐसी बातों को गंभीरता से लेने की जरूरत है।
- आम तौर पर स्टूडेंट इशारों में अपने नकारात्मक विचार जाहिर करता है। जैसे- सोशल मीडिया पर कोई नेगेटिव पोस्ट डालता है। निगेटिव स्टेटस लगाता है। डायरी में सुसाइड या जीवन की परेशानियों को लेकर लेख लिखता है। इस तरह के इशारों को भांपना जरूरी है।
- कुछ स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो बोलते या लिखते कम हैं, ऐसे में उनके व्यवहार में आने वाले बदलाव को देखा जा सकता है। उनका बिहेवियर समझने की जरूरत है। स्टूडेंट का बिहेवियर बदल जाता है। जैसे- वह खाना नहीं खा रहा। दोस्तों से नहीं मिल रहा। अकेले रहना चाहता है।

## उठ रहे हैं सवाल ?

### कोचिंग वालों से

क्या करोड़ों की कमाई के आगे बच्चों की जिंदगी का कोई मोल नहीं। प्रतियोगिता को हेल्दी कॉम्पिटिशन की जगह गला काट प्रतिस्पर्धा का स्वरूप क्यों दे दिया गया है?

### परिजनों से

बच्चों का जीवन ज्यादा जरूरी है या केवल उनको आने वाले कल में शीर्ष पर देखना ज्यादा आवश्यक है। जीवन या सफलता किसका चयन करेंगे आप?

### सरकार से

कोचिंग माफिया निरंतर अपना मुनाफा बनाने में लगा है। सरकार कमेटी बना रही है, सिफारिशें हो रही हैं, लेकिन क्या कोई प्रभावी कदम उठाया जाएगा जो सच में उम्मीदें बांधे?

**कन्टेंट/ डिजाइन :** अजय कुमार शर्मा/विमल सिंह तंवर

भारतीय शेयर बाजार

# तेजी का ट्रेलर हुआ शुरू



विमल कोठारी
वरिष्ठ पत्रकार



> “उम्मीद की जा रही है कि निफ्टी इस सप्ताह एक बार फिर अपने सर्वोच्च लेवल 19992 के स्तर को पार कर 20000 का आंकड़ा जरूर छुएगा, जिसके बारे में करीब तीन माह पूर्व के लेखों में शेयर बाजार के विशेषज्ञों के हवाले से मैंने जिक्र भी किया। कारोबारियों को तो विश्वास है कि निफ्टी सूचकांक इस माह में 20,300-20,500 अंकों को पार कर जाएं तो भी बड़ी बात नहीं है, अर्थात भारतीय शेयर बाजार में तेजी का ट्रेलर शुरू हो चुका है, फिल्म की शुरुआत होने वाली है। पिछले सप्ताह की बात करें तो 8 सितंबर को समाप्त सप्ताह में बाजार में सुधार रहा है। काफी समय तक पिट रहे बैंक निफ्टी भी रिकॉर्ड बनाने को अग्रसर है।”

भारतीय शेयर बाजार में गत पांच सप्ताह से चल रही मंदी को अब न केवल ब्रेक लग चुके हैं, बल्कि बाजार एक बार फिर पिछले दो माह के उच्चतम स्तर पर भी पहुंच चुका है। इस सप्ताह सभी कारोबारी सत्रों में तेजी का ही रुख रहा, जो इस बात का संकेत दे रहा है कि भारतीय शेयरों पर अब तेजड़िए हावी हो रहे हैं। बाजार की मजबूत स्थिति को देखते हुए यह भी कहा जा सकता है कि शेयर बाजार एक बार फिर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है और प्रॉफिट बुकिंग का भी फिलहाल अधिक असर नहीं पड़ रहा। ऐसे में निवेशकों को चाहिए कि मंदी अथवा शेयर बाजार की कमजोरी के समय उन्होंने जिन शेयरों पर अपना दाव लगाया है, उससे लाभ कमाने का सही अवसर आने ही वाला है और मेरी पिछली लिखीं बातों का स्मरण रखें, कि प्रॉफिट वहीं है, जो बैंक खाते में दिखाई दें, शेयर भावों में नजर आने वाला प्रॉफिट कुछ ही समय बाद कोल्ड ड्रिंक के झाग की जैसे नजर आना बंद भी हो सकता है।

**मौजूदा परिस्थितियों में निवेशकों को अपनी लागत निकाल कर नए शेयर खरीदने की राय दी जा सकती है। इनके पसंदीदा शेयरों में किलपेस्ट इंडिया, जेएम फाइनेंशियल, भेल, रिलायंस पावर, महाराष्ट्रा सिमलेस, खादिम, कैम्लिन फाइनेशिंयल, ट्रेल, बीएसई, बैंक आफ महाराष्ट्रा, पीएफसी, सूजलोन एनर्जी, टाटा मोटर्स, आदि कुछ ऐसी कंपनियां हैं, जिनमें सीमित निवेश किया जा सकता है। इस सप्ताह शुरू होने वाले आईपीओ की बात करें तो निवेशकों के लिए मेन बोर्ड में चार कंपनियों, ईएमएस, आरआर काबेल, समही होटल्स और जिगले प्री-पेड ओशियन सर्विसेज के आईपीओ निवेश के लिए उपलब्ध होंगे।**

तकनीकी आंकड़ों का अध्ययन किया जाएं तो यह भी तेजी का संकेत दे रहे हैं, लेकिन तेजी कितनी रहेगी, इस यक्ष प्रश्न का उत्तर किसी के पास नहीं है। ऐसे में निवेशकों को लालच छोड़ अपने प्रॉफिट लक्ष्यों पर नजर रखनी चाहिए। वैसे दिल्ली में शनिवार से शुरू हुए जी-20 सम्मेलन में होने वाली घोषणाएं व इस सम्मेलन में मेजबान भारत की नीतियों का दूरगामी असर भी भारतीय शेयर बाजार पर पड़ना स्वभाविक है। तकनीकी आधार पर यह कहा जा रहा है कि निफ्टी सूचकांक वर्तमान में अगले सपोर्ट लेवल 19630 से उपर 19819 पर है, ऐसी स्थिति में बाजार में अब तेजी के संकेत मिल रहे हैं, उम्मीद की जा रही है कि निफ्टी इस सप्ताह एक बार फिर अपने सर्वोच्च लेवल 19992 के स्तर को पार कर 20000 का आंकड़ा जरूर छुएगा, जिसके बारे में करीब तीन माह पूर्व के लेखों में शेयर बाजार के विशेषज्ञों के हवाले से मैंने जिक्र भी किया। कारोबारियों को तो विश्वास है कि निफ्टी सूचकांक इस माह में 20,300-20,500 अंकों को पार कर जाएं तो भी बड़ी बात नहीं है, अर्थात भारतीय शेयर बाजार में तेजी का ट्रेलर शुरू हो चुका है, फिल्म की शुरुआत होने वाली है।

पिछले सप्ताह की बात करें तो 8 सितंबर को समाप्त सप्ताह में बाजार में सुधार रहा है। काफी समय तक पिट रहे बैंक निफ्टी भी रिकॉर्ड बनाने को अग्रसर है। भारतीय बाजार में तेजी के बावजूद एफआईआई ने पिछले सप्ताह भी बिकवाली जारी रखी और 9321.41 करोड़ के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों- डीआईआई ने 4572.14 करोड़ के शेयरों की खरीद कर एफआईआई की बिकवाली का जवाब दिया। आंकड़ों की बात करें तो पिछले सप्ताह बीएसई सूचकांक में 1211.75 अंक अर्थात 1.85 फीसदी की तेजी रही और बीएसई सूचकांक 65387.16 अंक से बढ़कर 66598.91 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई सूचकांक में 384.65 अंक अर्थात 1.98 फीसदी का सुधार रहा और एनएसई निफ्टी सूचकांक 19435.30 अंक से बढ़ कर 19819.95 अंक पर बंद हुआ। उधर, बीएसई मिडकैप सूचकांक की बात करें तो इसमें पिछले सप्ताह 3.93 फीसदी की तेजी रही, जबकि बीएसई स्कालकैप में 2.26 फीसदी का सुधार देखा गया है। एनएसई मिडकैप-100 सूचकांक की बात करें तो इसमें भी पिछले सप्ताह 3.88 फीसदी व एनएसई स्कालकैप-100 सूचकांक में 3.44 फीसदी की तेजी रही है। जो आगे बाजार में सुधार की ओर ही इशारा कर रही है। शनिवार को बंद हुए अमरीकी बाजारों की बात करें तो यहां भी सुधार का ही रुख है, जिसे भारतीय बाजारों की सोमवार को होने वाली शुरुआत के लिए शुभ संकेत भी कहा जा सकता है।

उधर, बुलियन बाजार की बात करें तो जयपुर में गत सप्ताह सोने के दामों में 350 रुपए दस ग्राम की गिरावट के साथ यह 60,550 हजार रुपए प्रति दस ग्राम जबकि चांदी 3050 रुपए की गिरावट के साथ 72,800 रुपए प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गई। बुलियन कारोबारियों का कहना है कि कमजोर ग्राहकी के कारण सोने व चांदी के भावों में स्थिरता की संभावना अधिक है।

इस सप्ताह में बाजार के रुख की बात करें तो कारोबारियों का कहना है कि भारतीय बाजारों में तेजी की संभावनाएं अधिक है, लेकिन मुनाफा वसूली होती रहेगी, जिससे निवेशकों को घबराना नहीं चाहिए। कारोबारियों का मानना है कि वर्तमान में शेयरों के चयन को लेकर स्थिति बड़ी विकट हो चुकी है, यह ऐसा समय है कि जिस शेयर के बारे में बात करें वहीं बढ़ जाता है। पिछले छह माह में सुझाए गए अधिकांश शेयर वर्तमान में काफी बढ़ चुके हैं, कुछ तो ऐसे भी हैं, जिन्होंने रिकॉर्ड हाई भी बना डाला और अभी भी तेजी में ही है। मौजूदा परिस्थितियों में निवेशकों को अपनी लागत निकाल कर नए शेयर खरीदने की राय दी जा सकती है। इनके पसंदीदा शेयरों में किलपेस्ट इंडिया, जेएम फाइनेंशियल, भेल, रिलायंस पावर, महाराष्ट्रा सिमलेस, खादिम, कैम्लिन फाइनेशिंयल, ट्रेल, बीएसई, बैंक आफ महाराष्ट्रा, पीएफसी, सूजलोन एनर्जी, टाटा मोटर्स, आदि कुछ ऐसी कंपनियां हैं, जिनमें सीमित निवेश किया जा सकता है। इस सप्ताह शुरू होने वाले आईपीओ की बात करें तो निवेशकों के लिए मेन बोर्ड में चार कंपनियों, ईएमएस, आरआर काबेल, समही होटल्स और जिगले प्री-पेड ओशियन सर्विसेज के आईपीओ निवेश के लिए उपलब्ध होंगे। इसी तरह एसएमई सेक्टर में इस सप्ताह पांच नई कंपनियां भी अपना भाग्य आजमाएगी, लेकिन भारी-भरकम प्रीमियम पर जारी होने वाले इन सभी आईपीओ में आवेदन निवेशकों के लिए जोखिम भरा निवेश हो सकता है। सेबी के पास आने वाले नए आईपीओ आवेदनों की बात करें तो पिछले सप्ताह तीन कंपनियों अर्काडे डवलपर्स, ज्योति सीएनसी ऑटोमेंशन, स्टेनले लाइफ स्टाइल लिमिटेड ने अपने ड्राफ्ट हेरिंग प्रोस्पेक्टस-डीआरएचपी पेश किए हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

व्यंग्य

## डायरी



संतोष दिवाकर
व्यंग्यकार

लाल डायरी इन दिनों चर्चा में है, खासकर राजस्थान की राजनीति में इसकी विशेष चर्चा हो रही है और राजनेताओं का चेहरा लाल-पीला हो रहा है। ऐसे लाल किताब से लोग अपना भविष्य जानने का प्रयास करते हैं। देखना है लाल डायरी में किन किन लोगों का भविष्य छिपा है। ऐसे अंग्रेजी का साल जब बदलता है तो सिर्फ साल ही नहीं बदलता अपने साथ वो घर का कैलेंडर और डायरी भी बदल देता है। हम लोगों के शिक्षा और व्यापार का साल अप्रैल माह से शुरू होता है, लेकिन अंग्रेजी का यह साल हम लोगों के जीवन में ऐसे घर बस गया है कि हम व्यवहार में इसे ही हम अपना नया साल मान बैठे हैं और जब नया साल आता है तो घर का कैलेंडर भी बदलता है।

कुछ लोग ट्रेन में मुफ्त यात्रा के आदि होते हैं वैसे ही कुछ कुछ लोग डायरी और कैलेंडर सरकारी रेवड़ी की तरह मुफ्त पाना चाहते हैं, भले ही उन्हें दस्तखत करने के अलावा कुछ भी लिखना नहीं आता हो, लेकिन जहां कैलेंडर-डायरी रेवड़ी की तरफ बंट रही हो, वहां वह उसे लेने में वो पीछे नहीं रहते हैं क्योंकि यह प्रतिष्ठा का सवाल है कि उन्हें डायरी मिले और मुझे नही मिले? नया साल में नई नई डायरी हाथ में लेकर चलने का मजा ही कुछ और हैं! बड़े लोगों के यहां तो डायरी के साथ बहुत कुछ दिया जाता है, डायरी तो एक बहाना है।

डायरी भी कई आकार की होता है, बड़ी डायरी, एक्जीक्यूटिव डायरी, छोटा डायरी, पॉकेट डायरी आदि। बड़ा एक्जीक्यूटिव डायरी दिखाने के लिए होती है, उससे जो छोटी डायरी होती है वही काम की होती है, ज्यादा लोग उसी डायरी में काम करते हैं, और पॉकेट डायरी जहर की पुड़िया होती है, इसमें आदमी अपना काला चिट्ठा लिखता है, वह भी कूट भाषा यानी कोडवर्ड में और सदा अपने पास रखता है। जिस तरह मोबाइल कहीं इधर से उधर हो जाने पर आदमी बेचैन हो जाता है, उसी तरह पॉकेट डायरी इधर से उधर हो जाने पर आदमी बेचैन हो जाता है क्योंकि यह यदि किसी को मिल जाएगा तो पोल खुल जाएगी। जिस तरह हस्तरेखा, चेहरा आदि देखकर जातक के संबंध में कुछ बताया जा सकता है उसी तरह डायरी के रंगरूप को देखकर भी लोगों के बारे में जानकारी दी जा सकती है। जैसे दो-चार लोग यदि एक साथ हाथ में नई-नई डायरी लिए दिखें तो समझ लीजिए वो लोग किसी बिजनेस समूह के सदस्य है और यदि दो-चार लोग एक साथ पुरानी डायरी हाथ में लिए हुए मिल जाए तो यह समझ लीजिए कि ये लोग किसी कवि सम्मेलन से लौट रहे हैं।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान नेताओं द्वारा जेल में डायरी लिखी गई। आपातकाल के दौरान भी जेल में रहने के कारण लोगों के द्वारा डायरी लिखी गई जिसमें जेपी द्वारा लिखित जेल डायरी प्रमुख है। आपातकाल के दौरान जिन्हें कुछ बोलने की हिम्मत नहीं थी वो आपातकाल के बाद डायरी में अपनी भड़ास निकाल रहे थे। डायरी की आयु तो एक साल होती है और उसके बाद वो कबाड़ के भाव बिकती है, परंतु कबाड़ भी कभी कभी अनमोल हो जाता है, आपातकाल के बाद आपातकाल वर्ष की डायरी कबाड़ के बदले हीरा हो गई, जो आपातकाल के दौरान डर से डायरी लिख नहीं सके, वह आपातकाल के बाद पुरानी डायरी मुंह मांगा दाम पर खरीद कर दनादन पन्ना भर दिए और यहां ओल्ड इज गोल्ड कहावत चरितार्थ हो गया।

यूं डायरी तो सबों के पास होती है, परंतु वो व्यक्तिगत होती है भले ही उस डायरी में आप अपने कार्यालय का ही काम क्यों न कर रहे हो? परंतु थाना ऐसी जगह है जहां डायरी है और वो भी थाना वाली और बाहर वाली। थाने वाली भी एक नहीं, दो - दो, स्टेशन डायरी और पुलिस डायरी। बाहर वाली डायरी तो बाहर वाली प्रियतमा की तरह बदलती रहती है जो सुंदर और रंगीन होती है जिसे साथ लेकर दुर्घटना स्थल पर पुलिस विभाग के लोग जाते है।

स्वतंत्रता के बाद 1992 में एक जैन डायरी कांड हुआ था, जिसे हवाला कांड भी कहा जाता है, जिसमें सांकेतिक भाषा में कुछ लोगों का नाम लिखा था, जिस पर एक बड़ा राजनीतिक बवाल हुआ और देश हवाला (कांड) के हवाले हो गया, देखना है लाल डायरी क्या कमाल दिखाती है?

नॉलेज कॉर्नर: स्टेशन से नजदीक स्थित एक नदी के नाम पर पड़ा नाम

# सबसे छोटे नाम वाला रेलवे स्टेशन ‘IB’

एक व्यक्ति जब किसी अन्य स्थान पर जाता है तो कई प्रकार के संसाधनों का उपयोग करता है। इनमें रेल मार्ग द्वारा यात्रा करना सबसे अधिक सस्ता व सुगम माना जाता है। हमारे देश में रेल सेवा भले ही ब्रिटिश काल में शुरू हुई, मगर इसका लाभ आजादी के इतने सालों बाद भी भारत के करोड़ों यात्री हर दिन रेल का सफर कर उठा रहे हैं। सफर के दौरान अनेक रेलवे स्टेशन आते हैं, जिनमें से कई स्टेशन के नाम अनोखे होते हैं। भारत के एक ऐसे ही रेलवे स्टेशन का नाम इतना छोटा है जो महज अंग्रेजी के दो शब्दों IB से बना है, जिसे हिंदी में आईबी की जगह ईब (जो नदी है) स्टेशन नाम से जाना जाता है। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तृत जानते हैं इस स्टेशन के बारे में...

### ओडिशा राज्य में स्थित स्टेशन

ईब रेलवे स्टेशन भारत के ओडिशा राज्य में स्थित है। इसके नाम को लेकर खुद भारतीय रेल मंत्रालय ने 25 सितंबर, 2022 को ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी थी। इसमें कहा गया था कि क्या आपको पता है? भारतीय रेलवे नेटवर्क के सभी स्टेशनों में ओडिशा के ईब रेलवे स्टेशन का नाम सबसे छोटा है? इसी के साथ मंत्रालय की ओर से इसका कारण भी स्पष्ट किया गया था। इसमें कहा गया कि इसका नाम ईब नदी से लिया




गया है, जो महानदी की एक सहायक नदी है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर इस नदी के नाम पर रेलवे स्टेशन का नाम क्यों रखा गया। इसका कारण बेहद दिलचस्प है। दरअसल वर्ष 1900 के आसपास इस रेलवे स्टेशन के लिए एक पुल बनाकर तैयार किया जा रहा था। उसे नजदीक में स्थित ईब नदी के ऊपर से बनाना था। यही कारण रहा कि एक महानदी की सहायक नदी ईब के नाम पर इस रेलवे स्टेशन का नाम भी बदलकर ईब कर दिया गया।

### स्टेशन का इतिहास

ईब रेलवे स्टेशन का इतिहास 19वीं शताब्दी से जुड़ा हुआ है। इसकी शुरुआत वर्ष 1891 में हुई थी। पूर्व में इसका नाम बंगाल नागपुर रेलवे स्टेशन था, जिसे वर्ष 1900 के बाद बदल दिया गया। इसका निर्माण वर्ष 1891 में बंगाल नागपुर रेलवे की नागपुर-आसनसोल मुख्य लाइन के खुलने के साथ शुरू हुआ। वर्ष 1900 में बनकर यह तैयार हो गया, जो बाद में हावड़ा-नागपुर-मुंबई लाइन पर मौजूद एक मुख्य रेलवे स्टेशन बन गया। इसके निर्माण काल के दौरान ही इस स्थान पर अचानक कोयले की खोज हुई, जो बाद में इब वैली कोलफील्ड के नाम से जाना गया। भारतीय रेलवे प्रणाली के सभी स्टेशनों में यह एकमात्र ऐसा स्टेशन है जिसे सबसे छोटे नाम होने का गौरव प्राप्त है।

**ईब नदी के बारे में**

*ईब नदी एक महानदी की सहायक नदी है, जो छत्तीसगढ़ व ओडिशा राज्य में बहती है। इसका उद्गम स्थान छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पंड्रापाठ गांव के पास की पहाड़ियों में 762 मीटर की ऊंचाई पर है। अपने प्रवाहित मार्ग में यह छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले और ओडिशा राज्य के झारसुगुड़ा व सुंदरगढ़ जिले से होती हुई गुजरती है।*

*कंटेंट: सुप्रिया सरकार*



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
हमें अटूट विश्वास है कि वे समर्पण, दूरदर्शिता के साथ नेतृत्व करेंगे और वैश्विक एकता के साथ-साथ समृद्धि को भी आगे बढ़ाएंगे।




**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
नई इंदिरा रसोइयां 1 हजार
सबको उपलब्ध होता शुद्ध एवं पौष्टिक आहार



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
अनुग्रह सूक्ष्म है. जब तक आप सचेत नहीं होंगे, आप इससे चूक जाएंगे।



**श्री रवि शंकर,** योग गुरु
@Srisri
सनातन वह जीवनधारा है जो नूतन और पुरातन को आत्मसात करते हुए अनादिकाल से चलती आई है और अनंतकाल तक रहेगी। इसका कभी निर्मूलन नहीं होगा। इस बारे में सोचना भी नासमझी है।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
अधिक कमाने, अधिक पाने और अपने जीवन स्तर को उन्नत करने में कोई समस्या नहीं है।

## मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावः मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विद्यार्थियों के लिए खोला रियायतों का पिटारा

# 12वीं 60% से अधिक अंक तो 25,000 रुपए, रैंक पर मिलेगी स्कूटी

एजेंसी | ग्वालियर (मप्र)

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को भाजपा को इस साल नवंबर में प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में जिताने की अपील करते हुए कहा कि उनकी सरकार फिर से आने पर वह अगले साल से 12वीं कक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों को 25,000 रुपए देंगे। वर्तमान में 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रदेश के विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25,000-25,000 रुपए दिए जा रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि गांव और शहर के स्कूल में जो बच्चे प्रथम, द्वितीय, तृतीय रैंक लाएंगे उन्हें स्कूटी की जाएगी। यह ऐलान चौहान ने ग्वालियर में 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' के लिए आयोजित कार्यक्रम में किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ग्वालियर में सांकेतिक बटन दबाकर 1.31 करोड़ महिलाओं को 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' के अंतर्गत 1,269 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण भी किया। इस योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं को इस साल जून से प्रतिमाह 1,000 रुपए दिए जा रहे हैं। चौहान ने कहा, धीरे-धीरे इस राशि को बढ़ाकर 3,000 रुपए प्रतिमाह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह मेरा संकल्प है कि अपनी बहनों की आंखों में आंसू नहीं रहने दूंगा, आपके चेहरे पर मुस्कुराहट लाना ही मेरा लक्ष्य है। इसी ध्येय के साथ मैंने लाड़ली बहना योजना बनाई है।



## भाजपा का 18 साल का शासन घोटालों से भरा: कमलनाथ



**भोपाल/ग्वालियर।** कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा का 18 साल का शासन घोटालों से भरा हुआ है। उन्होंने भाजपा के इस शासन को 'जी18' यानी 'घोटालों (जी) से भरपूर 18 साल' बताया। कमलनाथ की इस टिप्पणी पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। कमलनाथ ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर तंज कसते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, दिल्ली में जी20 हुआ, पर मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के राज में जी18 चल रहा है। मध्य प्रदेश में भाजपा के कुशासन के साल तो 18 पूरे हो गए हैं और राज तो घोटालों (जी) का ही चल रहा है। 225 महीने की सरकार में 225 से ज्यादा तो महा घोटाले हो गए हैं और छोटे घोटालों की तो गिनती नहीं हैं। कमलनाथ की इस टिप्पणी पर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर में मीडिया से कहा कि जिस समय देश में जी20 का नया कीर्तिमान स्थापित किया जा रहा हो, उस समय कमलनाथ ऐसी बात कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, यही तो समस्या है कांग्रेस की। मानसिकता को देखो, यह देश बनाने वाली नहीं, कंलकित करने वाली पार्टी बन गई है। जब देश के गौरव का समय हो, जब नया कीर्तिमान स्थापित किया जा रहा हो, इनका काम है केवल अपना लकीर लंबा नहीं खींचना, दूसरे की लकीर को काटना। देश की जनता यह सब जानती है।

## शिअदः लोकसभा सीटों के लिए पार्टी प्रभारी घोषित



**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर बादल ने रविवार को आगामी आम चुनाव में पार्टी की तैयारियों को गति देने के लिए प्रदेश की विभिन्न लोकसभा सीटों के लिए पार्टी के प्रभारियों के नामों की घोषणा की। पार्टी के अनुसार अनिल जोशी को अमृतसर का जबकि सुखविंदर सिंह सुखी को जालंधर लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया को खडूर साहिब तथा गुलजार सिंह रणीके को गुरदासपुर का तथा प्रेम सिंह चंदूमाजरा को आनंदपुर साहिब का प्रभारी नियुक्त किया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल को बठिंडा का प्रभारी बनाया है। इनके अलावा जन्मेजा सिंह शेखों (फिरोजपुर), सिकंदर सिंह मलूका (फरीदकोट), इकबाल सिंह झुंडन (संगरूर) तथा एन के शर्मा (लुधियाना शहरी) और तीरथ सिंह महला (लुधियाना देहात)को प्रभारी बनाया गया है।

## महाराष्ट्र में सियासी कलह जारी

# बागी विधायकों की वापसी नहीं, नए चेहरों को समर्थन

एजेंसी | मुंबई

राकांपा के संस्थापक शरद पवार ने रविवार को संकेत दिया कि उनकी इच्छा राकांपा के बागी नेताओं को वापस लेने की नहीं है और कहा कि पार्टी को नए चेहरों का समर्थन करना चाहिए।

पवार मुंबई के वाई बी चव्हाण सेंटर में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। जुलाई में राकांपा को तब बड़ा झटका लगा था जब पार्टी के वरिष्ठ नेता और शरद पवार के भतीजे अजित पवार ने बगावत कर दी थी और आठ विधायकों के साथ एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और भाजपा की गठबंधन सरकार में शामिल हो गए थे। शरद पवार ने कहा, कुछ लोग मुझसे पूछते हैं कि अगर जो लोग सरकार में शामिल हो गए हैं, वे वापस आने का प्रयास करें तो क्या करना चाहिए। हम इस बारे में कोई फैसला नहीं लेने जा रहे हैं। पार्टी के भीतर एक राय है कि जो नए हैं, उन्हें चुनाव से पहले समर्थन दिया जाना चाहिए। राकांपा के शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट ने शनिवार को निर्वाचन आयोग से कहा था कि पार्टी में कोई विवाद नहीं है और सिर्फ कुछ शरारती लोग अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के लिए संगठन से अलग हो गए हैं। उनका इशारा बागी समूह की ओर था। पवार ने अपनी पार्टी के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आरोपों का जिक्र करते हुए उन पर भी कटाक्ष किया।



### भ्रष्ट कहा तो फिर सरकार में क्यों किया शामिल

राकांपा के अध्यक्ष ने कहा, मोदी ने राकांपा को भ्रष्ट पार्टी बताया। लेकिन उन टिप्पणियों के बाद, उन्होंने उन लोगों को राज्य सरकार में शामिल कर लिया जिन पर उन्होंने उंगली उठाई थी। इससे पता चलता है कि मोदी कितने सिद्धांतवादी हैं। अजित पवार के विद्रोह से कुछ हफ्ते पहले भोपाल में भाजपा के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने महाराष्ट्र सहकारी बैंक के साथ-साथ राज्य के सिंचाई और खनन क्षेत्रों में कथित घोटालों का जिक्र किया था और राकांपा पर 70,000 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाया था।

### राकांपा के MLA सरकार में शामिल होने के पक्ष में थे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने रविवार को दावा किया कि राकांपा के लगभग सभी विधायकों ने शरद पवार को पत्र लिखकर उस वक्त सरकार में शामिल होने का आग्रह किया था, जब उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली सरकार जाने वाली थी। ठाकरे की राकांपा, कांग्रेस और शिवसेना वाली महाविकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार एकनाथ शिंदे के बगावत करने पर पिछले साल जून में गिर गई थी। अजित पवार ने कोल्हापुर में एक रैली में कहा, यह बात गलत है तो मैं राजनीति से तुरंत सन्यास ले लूंगा। यदि मेरा दावा सही है तो झूठ फैलाने वालों को सन्यास लेना होगा।

## तेलुगु देशम पार्टी का आज राज्य में बंद रखने का आह्वान

# चंद्रबाबू नायडू को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी | विजयवाड़ा



आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा की एक स्थानीय अदालत ने करोड़ों रुपए के कथित भ्रष्टाचार घोटाले में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू को रविवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दूसरी ओर तेलुगू देशम पार्टी ने नायडू की गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया है। विपक्षी दलों ने उनकी गिरफ्तारी का विरोध किया है। इस बीच, पुलिस ने किसी भी प्रतिकूल स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

सीआईडी के दल ने नायडू को शनिवार सुबह करीब छह बजे नंदयाल शहर के ज्ञानपुरम स्थित आर के फंक्शन हॉल के बाहर से कौशल विकास निगम घोटाला मामले में गिरफ्तार किया था। नायडू की गिरफ्तारी के लगभग 36 घंटे बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की एक अदालत ने रविवार शाम करीब छह बजकर 50 मिनट पर रिमांड आदेश जारी किया। आंध्र प्रदेश के अतिरिक्त महाधिवक्ता पी. सुधाकर रेड्डी ने पीटीआई-भाषा को बताया, यह 370 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का स्पष्ट मामला है। अदालत ने हमारी दलीलें स्वीकार कीं। आंध्र प्रदेश के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के प्रमुख एन. संजय ने शनिवार को कहा था कि नायडू को कौशल विकास निगम में धन के कथित दुरुपयोग से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया गया है, जिससे राज्य सरकार को 300 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

तेदेपा की आंध्र प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के अत्चन्नायडू ने पार्टी कार्यकर्ताओं, लोगों और नागरिक समाज से आंदोलन में भाग लेने और इसे सफल बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, नारा चंद्रबाबू नायडू की अवैध गिरफ्तारी, पार्टी कार्यकर्ताओं पर अत्याचार और प्रतिशोध की राजनीति के विरोध में तेलुगू देशम पार्टी ने कल 11 सितंबर, सोमवार को राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया है। इस बीच, वाईएसआरसीपी के नेता और राज्यसभा सदस्य वी विजयसाई रेड्डी ने सवाल किया कि नायडू को कथित घोटालों में उनकी भूमिका को लेकर गिरफ्तार क्यों नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि तेदेपा प्रमुख कई अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार हैं जिनमें एपी-सीआरडीए घोटाला, एपी-फाइबरनेट घोटाला, एपी स्किल डेवलपमेंट घोटाला, अमरावती जमीन घोटाला, ईएसआई चिकित्सा खरीद घोटाला और 2016 में वोट के बदले नकद घोटाला आदि शामिल हैं।

## MP: पूर्व भाजपा विधायक गिरिजा कांग्रेस में शामिल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले से दो बार भाजपा के विधायक रह चुके गिरिजा शंकर शर्मा रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। शर्मा ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उनके छोटे भाई सीताशरन शर्मा मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष रह चुके हैं और वह होशंगाबाद (पूर्व में इटारसी विधानसभा सीट) से वर्ष 2018 में पांचवीं बार भाजपा के विधायक बने हैं।

## नामधारी मिशन की धर्मसभा में बोले भागवत...

# धर्म का अर्थ है जोड़ना, तोड़ने की बात यह कभी नहीं करता

एजेंसी | लुधियाना

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि दुनिया के कई देश भारत की ओर देख रहे हैं क्योंकि वह सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है। उन्होंने कहा, धर्म का अर्थ जोड़ना है, यह तोड़ने की बात नहीं करता। भागवत ने रविवार को यहां से लगभग 30 किलोमीटर दूर भैणी साहिब स्थित नामधारी अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय में सतगुरु प्रताप सिंह और माता भूपिंदर कौर की स्मृति में नामधारी मिशन द्वारा आयोजित एक धर्मसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। भागवत ने कहा, भारत का काम दुनिया में संतुलन बनाना है और वह अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है। भारत कोई स्वार्थी देश नहीं है। वह सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है।




संघ प्रमुख ने कहा कि समाज को बांटने वाली ताकतें न केवल देश को बल्कि दुनिया को भी नुकसान पहुंचा रही हैं और उनसे मिलकर लड़ना चाहिए। भारत को अपनी परंपराओं, संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाते हुए पूरी दुनिया को नई राह दिखानी पड़ेगी। सूत्रों ने बताया कि इससे पहले आरएसएस प्रमुख कड़ी सुरक्षा के बीच भैणी साहिब पहुंचे और उन्होंने सतगुरु उदय सिंह के साथ बंद कमरे में बैठक भी की।

## अजय चौटाला जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए

एजेंसी | हिसार

अजय सिंह चौटाला को जननायक जनता पार्टी (जजपा) का सर्वसम्मति से रविवार को फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। हरियाणा में भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन में जजपा शामिल है। जजपा ने हिसार में अपनी राष्ट्रीय और राज्य कार्यकारिणी की बैठक की और 17 सितंबर को भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र के दादरी में एक रैली आयोजित करने का फैसला किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि कि पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल की जयंती 25 सितंबर को पार्टी राजस्थान के सीकर जिले में 'किसान विजय सम्मान दिवस' के रूप में मनाएगी।

## प्रदर्शनकारियों से मुलाकात




*मुंबई। राकांपा सांसद सुप्रिया सुले ने महाराष्ट्र में मराठा समुदाय को आरक्षण देने के मुद्दे को लेकर मुंबई में विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों से रविवार को मुलाकात की।* -पीटीआई

## राहुल गांधी की पेरिस में छात्रों व शिक्षाविदों से चर्चा

# भाजपा जो करती है, उसका हिंदू धर्म से कोई लेना-देना नहीं: राहुल गांधी

एजेंसी | लंदन

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पेरिस में छात्रों और शिक्षाविदों के साथ चर्चा के दौरान भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ताधारी पार्टी किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करना चाहती है और उसका हिंदू धर्म से कोई लेना-देना नहीं है।

फ्रांस के अग्रणी सामाजिक विज्ञान संस्थान, पेरिस की 'साइंसेज पीओ यूनिवर्सिटी' में शनिवार को बातचीत के दौरान गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा, विपक्षी दलों के गठबंधन द्वारा भारत के लोकतांत्रिक ढांचों को बचाने की लड़ाई, बदलती वैश्विक व्यवस्था और अन्य प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विपक्षी भारत की आत्मा के लिए लड़ने को लेकर प्रतिबद्ध है और देश मौजूदा उथल-पुथल से सकुशल बाहर आ जाएगा। बातचीत के दौरान देश में हिंदू राष्ट्रवाद के उभार के बारे में एक सवाल पर गांधी ने कहा, मैंने गीता पढ़ी है, कई उपनिषद पढ़े हैं, मैंने हिंदू धर्म से जुड़ी कई किताबें पढ़ी हैं; भाजपा जो करती है उसमें हिंदू धर्म जैसा कुछ भी नहीं है, बिल्कुल भी नहीं। इस बाचतीत का एक वीडियो रविवार को जारी किया गया। कांग्रेस नेता ने कहा, मैंने हिंदू धर्म से जुड़ी किसी किताब में नहीं पढ़ा और ना ही किसी विद्वान हिंदू व्यक्ति से यह सुना कि आपको अपने से कमजोर लोगों को आतंकित करना चाहिए, उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहिए।



### कमजोर तबकों के खिलाफ हिंसा के विरोध के लिए विपक्ष प्रतिबद्ध

देश में दलित और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा के मामलों के बारे में पूछे जाने पर गांधी ने कहा कि इस मुद्दे से निपटने के लिए राजनीतिक कल्पनाशीलता की आवश्यकता है और विपक्षी दल उस लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, भाजपा और आरएसएस जो करने की कोशिश कर रहे हैं, उसका मूल उद्देश्य दलित जातियों, अन्य पिछड़ी जातियों, आदिवासियों और अल्पसंख्यक समुदायों की अभिव्यक्ति, भागीदारी को रोकना है। और, मेरे लिए, वह भारत जहां किसी दलित व्यक्ति या मुस्लिम व्यक्ति, आदिवासी व्यक्ति, उच्च जाति के व्यक्ति, किसी के भी साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है, उस पर हमला किया जा रहा है, यह वह भारत नहीं है जो मैं चाहता हूं। यूरोप का दौरा कर रहे गांधी ने कहा, अगर कल सुबह प्रधानमंत्री यह फैसला कर लें कि भारत में कोई अहंकारपूर्ण आचरण या कोई हिंसा नहीं करेगा, तो यह रुक जाएगा। यह वह दिशा है जो देश का नेतृत्व देती है, देश का नेतृत्व जो विचार देता है, वह लोगों को आकार देता है।

### देश के लोकतांत्रिक ढांचे को बचाने की लड़ाई जारी

कांग्रेस नेता ने अपने खिलाफ 24 कानूनी मामलों की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह भी भारतीय इतिहास में पहली बार हुआ कि किसी को आपराधिक मानहानि के लिए अधिकतम सजा दी गई। लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को बनाए रखने की लड़ाई जारी है और बहुत जीवंत है।

### इतिहास को नकारने की कोशिश

देश के नाम को लेकर जारी बहस के बारे में पूछे जाने पर, गांधी ने कहा कि इंडिया और भारत दोनों संविधान में उल्लिखित हैं। सरकार अजीब तरीके से काम कर रही है क्योंकि उसे विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस' (इंडिया) के नाम से चिढ़ है। उन्होंने कहा, जो लोग किसी भी चीज का नाम बदलना चाहते हैं वे मूल रूप से इतिहास को नकारने की कोशिश कर रहे हैं। वे नहीं चाहते कि हमारे देश का इतिहास हमारी आने वाली पीढ़ियों को पता चले, इससे उन्हें परेशानी होती है।

### 60 प्रतिशत लोगों ने विपक्ष को वोट दिया

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि भारत के 60 प्रतिशत लोगों ने विपक्षी दलों को वोट दिया, जबकि सिर्फ 40 प्रतिशत ने सत्तारूढ़ दल को वोट दिया। उन्होंने कहा, तो यह विचार कि बहुसंख्यक समुदाय भाजपा को वोट दे रहा है, यह एक गलत विचार है। बहुसंख्यक समुदाय वास्तव में उन्हें वोट देने से ज्यादा हमें वोट देता है। वे समाज का ध्रुवीकरण करते हैं, वे समाज को विभाजित करते हैं, वे समाज में नफरत फैलाते हैं और यही उनका तंत्र है। उनके देश के अमीर पूंजीपतियों के साथ भी बहुत अच्छे संबंध हैं।

## झलकियां: सुनक दंपती ने की पूजा-अर्चना



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने रविवार को अक्षरधाम मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने मंदिर परिसर का दौरा भी किया।

## एकजुटता का सुर




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी G-20 सम्मेलन के दौरान विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज लुला डा सिल्वा और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ।


## कलाकार से मुलाकात




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को भारत मंडपम में क्राफ्ट बाजार का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद कलाकारों से बातचीत की और जानकारी प्राप्त की।

## मुलाकात के पल







जी-20 नेताओं के सम्मान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से आयोजित भोज में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू।




पीएम मोदी यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ।

### लापता बीएसएफ जवान बिहार में अपने घर पर मिला

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक अग्रिम चौकी से कथित रूप से लापता होने के दो दिन बाद सीमा सुरक्षा बल का एक जवान बिहार में अपने घर पर मिला। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि बालाकोट सेक्टर के भरानी में अग्रिम चौकी से शुक्रवार तड़के इस जवान के लापता होने की खबर आई थी, जिसके बाद बीएसएफ ने संबंधित थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लापता जवान रविवार सुबह बिहार में अपने घर पर मिला और अब इस संबंध में जरूरी कार्रवाई की जा रही है।

### आदित्य-एल1 की कक्षा को तीसरी बार बदला गया

**बेंगलुरु।** भारत के पहले सूर्य मिशन के तहत सूरज के बाहरी वातावरण के अध्ययन के लिए भेजे गए आदित्य-एल1 यान की पृथ्वी की कक्षा से संबंधित तीसरी प्रक्रिया रविवार तड़के सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया कि अंतरिक्ष एजेंसी के बेंगलुरु स्थित 'टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क' ने इस अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इसरो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, पृथ्वी की कक्षा से संबंधित तीसरी प्रक्रिया आईएसटीआरएसी, बेंगलुरु से सफलतापूर्वक पूरी की गई।

## जी-20: वैश्विक नेताओं ने पीएम मोदी को जमकर सराहा

# अहम मुद्दों का समाधान निकाल सकता है जी 20: जो बाइडेन


G20
वसुधैव कुटुम्बकम् | विश्व मंच पर भारत की धमक
9-10 सितंबर, नई दिल्ली

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अमेरिका जी20 की भारत की अध्यक्षता में कई ठोस नतीजे सुनिश्चित होने के बीच, यहां दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'निर्णायक नेतृत्व', और 'ग्लोबल साउथ' की आवाज उठाने के लिए उनकी सराहना की।

विश्व के नेताओं ने भारत के आतिथ्य की सराहना की। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रविवार को कहा कि इस साल के शिखर सम्मेलन ने साबित कर दिया है कि यह समूह अपने सबसे अहम मुद्दों का अब भी समाधान निकाल सकता है।

बाइडन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति बाइडेन यहां महात्मा गांधी के स्मारक राजघाट पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद रविवार सुबह वियतनाम रवाना हो गए। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जापान के पीएम फुमियो किशिदा,तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन समेत कई नेताओं ने पीएम मोदी की सराहना की।



### भारत ने दुनिया को दिया शांति और एकता का संदेश: मैक्रों



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को कहा कि जी20 के अध्यक्ष के तौर पर भारत ने दुनिया को एकता और शांति का संदेश देने की पूरी कोशिश की, जबकि रूस अब भी यूक्रेन के खिलाफ अपना आक्रमण जारी रखे हुए है। मैक्रों ने शिखर सम्मेलन के समापन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा खंडित माहौल को देखते हुए भारत ने जी20 अध्यक्ष के रूप में अच्छा काम किया है। भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह संबंध द्विपक्षीय संबंधों से कहीं अधिक है और दोनों देशों को दुनिया के विखंडन का विरोध करने की दिशा में काम करना होगा। मैक्रों से जब पूछा गया कि क्या जी20 घोषणापत्र में यूक्रेन संकट से संबंधित पैराग्राफ पश्चिमी देशों द्वारा अपनी राय बदलने की तरह है, तो उन्होंने कहा कि जी20 राजनीतिक चर्चा का मंच नहीं है।

### भारत के लिए यह गर्व का क्षण: शशि थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने 'दिल्ली डिक्लेरेशन' (घोषणापत्र) पर आम सहमति बनाने के लिए रविवार को भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत की प्रशंसा की और कहा कि यह जी20 में भारत के लिए गौरवशाली क्षण था। एक साक्षात्कार में रूस-यूक्रेन पर पैराग्राफ पर आम सहमति बनाने संबंधी कांत की टिप्पणियों को टैग करते हुए थरूर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, बहुत खूब अमिताभ कांत।

### भारत का संदेश गूंजा: गोपीनाथ

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रथम उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने कहा कि भारत के 'एक पृथ्वी, एक कुटुंब, एक भविष्य' संदेश की गूंज जी20 शिखर सम्मेलन में सभी प्रतिनिधियों के बीच जोरदार ढंग से सुनाई दी। गोपीनाथ ने शनिवार रात को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया,इतने सफल जी20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई।

### दुनिया को आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया




**नई दिल्ली।** रूस ने रविवार को कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी20 शिखर सम्मेलन कई मायनों में महत्वपूर्ण सम्मेलन है, क्योंकि इसके नतीजों ने दुनिया को कई चुनौतियों पर आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया और 'ग्लोबल साउथ' की ताकत और महत्व का प्रदर्शन किया। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल अक्सर विकासशील और अल्प विकसित देशों के लिए किया जाता है, जो मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि भारत ने यूक्रेन सहित कई मुद्दों पर पश्चिमी देशों को अपना दृष्टिकोण आगे बढ़ाने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लावरोव ने यह भी कहा कि नयी दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन ने वैश्विक प्रशासन और वैश्विक वित्त में निष्पक्षता की दिशा में भी एक दिशा प्रदान की है।

## पीएम मोदी की कई नेताओं से भेंट

# कनाडा में चरमपंथी तत्वों की गतिविधियों पर जताई चिंता

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जी-20 शिखर बैठक में भाग लेने आए कई नेताओं से मुलाकात की। इनमेंकनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैंक्रों व तुर्किए के राष्ट्रपति एर्दोगन शामिल हैं। मोदी ने कनाडा के पीएम ट्रूडो को वहां चरमपंथी तत्वों की भारत विरोधी गतिविधियों के बारे में भारत की कड़ी चिंताओं से अवगत कराया। ये तत्व अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे हैं, राजनयिकों के खिलाफ हिंसा भड़का रहे हैं और वहां भारतीय समुदाय को धमकी दे रहे हैं।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन से इतर ट्रूडो के साथ बातचीत में मोदी ने यह भी उल्लेख किया कि भारत-कनाडा संबंधों की प्रगति के लिए परस्पर सम्मान और विश्वास पर आधारित संबंध आवश्यक है। दोनों नेताओं ने अन्य मसलों पर भी चर्चा की।



### शांतिपूर्ण प्रदर्शन की रक्षा: ट्रूडो

कनाडा में खालिस्तानी तत्वों की बढ़ती गतिविधियों पर भारत की चिंताओं के बारे में पूछे जाने पर ट्रूडो ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनका देश शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की स्वतंत्रता की हमेशा रक्षा करेगा, लेकिन साथ ही हिंसा को रोकेगा और नफरत का हमेशा विरोध करेगा। उन्होंने कहा, कनाडा हमेशा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, अंत:करण की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की स्वतंत्रता की रक्षा करेगा और यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

## भारत बड़ा व्यापारिक साझेदार और बढ़ेगा सहयोग: एर्दोगन

**नई दिल्ली।** तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने रविवार को कहा कि भारत दक्षिण एशिया में उनके देश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और उन्होंने दोनों देशों के बीच सहयोग की व्यापक क्षमता का इस्तेमाल करने का विश्वास व्यक्त किया। जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की समाप्ति के बाद संवाददाता सम्मेलन में एर्दोआन ने कहा कि शिखर सम्मेलन के इतर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत की। । उन्होंने अफ्रीकी संघ के जी20 का सदस्य बनने की भी सराहना की और कहा कि इससे इस समूह को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा, हम अर्थव्यवस्था और कई अन्य क्षेत्रों में सहयोग की क्षमताओं का उपयोग करने में सक्षम होंगे।

## भारत ने यूं पार की आमराय कायम करने की बाधा

# 300 बैठकें... 200 घंटे तक बातचीत = आम सहमति

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने रविवार को कहा कि यहां 'लीडर्स समिट' में पारित 'जी20 डिक्लेरेशन' (घोषणापत्र) पर आम सहमति बनाने के लिए भारतीय राजनयिकों के एक दल ने 200 घंटे से भी अधिक समय तक लगातार बातचीत की।

संयुक्त सचिव ई गंभीर और के नागराज नायडू समेत राजनयिकों के एक दल ने 300 द्विपक्षीय बैठकें कीं और 'जी20 लीडर्स समिट' के पहले दिन ही सर्वसम्मति बनाने के लिए विवादास्पद यूक्रेन संघर्ष पर अपने समकक्षों को 15 मसौदे वितरित किए। कांत ने कहा, पूरे जी20 शिखर सम्मेलन का सबसे जटिल हिस्सा भू-राजनीतिक पैराग्राफ (रूस-यूक्रेन) पर आम सहमति बनाना था। यह 200 घंटे से अधिक समय तक लगातार बातचीत, 300 द्विपक्षीय बैठकों, 15 मसौदों के साथ किया गया। इस प्रयास में नायडू और गंभीर ने उनका काफी सहयोग किया। भारत इस विवादित मुद्दे पर जी20 देशों के बीच अभूतपूर्व आम सहमति बनाने में कामयाब रहा और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं जैसे कि ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया ने इसमें अग्रणी भूमिका निभाई। 'जी20 लीडर्स डिक्लेरेशन' में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का उल्लेख करने से बचा गया और इसके बजाय सभी देशों से एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता एवं संप्रभुत्ता के सिद्धांतों का सम्मान करने का आह्वान किया गया।



### आम सहमति में प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी व जादू का रहा संयोजन

**नई दिल्ली।** यूक्रेन संघर्ष पर जी20 नेताओं के घोषणापत्र का सार विभाजनकारी आम सहमति के बजाय समान राय वाली आम सहमति है और यह संकट के समाधान का रास्ता दिखा सकता है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने 'नयी दिल्ली जी20 लीडर्स डिक्लेरेशन' (घोषणापत्र) पर सदस्य देशों के बीच पूरी तरह से सर्वसम्मति बनने का हवाला देते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गांरटी और जादू का संयोजन है। भारत, यूक्रेन संघर्ष के विवादित मुद्दे पर जी20 देशों के बीच अभूतपूर्व आम सहमति बनाने में कामयाब रहा है और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं जैसे कि ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया ने इसमें अग्रणी भूमिका निभाई है। सूत्रों ने कहा कि जी20 घोषणापत्र में आम सहमति की प्रकृति को देखना महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह (घोषणापत्र) वास्तव में विभिन्न मुद्दों पर 47 उप-आम सहमति को दर्शाता है।

### बाली, बाली था, दिल्ली दिल्ली है: जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा, बाली घोषणापत्र के साथ तुलना के संबंध में, मैं केवल यही कहूंगा कि बाली, बाली था और नयी दिल्ली, नयी दिल्ली है। मेरा मतलब है, बाली (जी20 शिखर सम्मेलन) को एक साल हो गया है। तब स्थिति अलग थी। तब से कई चीजें हुई हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि किसी को इसके बारे में रूढ़िवादी विचार नहीं रखने चाहिए। नयी दिल्ली घोषणापत्र में वर्तमान स्थिति और चिंताओं का जवाब दिया गया है, ठीक उसी तरह जैसे एक साल पहले बाली घोषणापत्र में किया गया था।

# पीएम मोदी ने किया मीडिया सेंटर का दौरा



**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार शाम को जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल 'भारत मंडपम' में अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर का दौरा किया। शिखर सम्मेलन की समाप्ति के बाद विश्व नेताओं के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें करने के बाद, मोदी मीडिया सेंटर आए और वहां मौजूद लोगों का अभिवादन किया। उन्होंने भारत और विदेश से आए पत्रकारों की ओर हाथ हिलाया, जबकि कैमरामैन के बीच उनकी तस्वीरें लेने की होड़ लगी थी।

मोदी इंटरनेशनल मीडिया सेंटर के भूतल पर बने हॉल में गए, जिसे शानदार तरीके से सजाया गया था।

## ‘ग्लैमर एंड एलीगेन्स’ शो में सुपर मॉडल्स ने रचा तिलिस्म

# परंपरा के साथ आधुनिकता का संगम

**बेधड़क. जयपुर।** सुपर मॉडल्स ने जयपुर के हेरिटेज आंगन में ऐसा तिलिस्म रचा कि जयपुराइट्स उसमें फंसते नजर आए। उन्होंने मॉडर्न जूलरी को साड़ी और लहंगों के अलावा राजपूती ड्रेस में शोकेस किया तो कलेक्शन की आभा निखर उठी। ये तिलिस्मी नजारा जयपुर के आरआईसी में रूहानी शाम के बीच देखने को मिला, जहां ‘ग्लैमर एंड एलीगेन्स’शो का आयोजन किया गया। विरोक बाय टाटीवालाज के शो में डिजायनर सीमा टाटीवाला का लेटेस्ट कलेक्शन शोकेस हुआ तो उनकी क्रिएटिविटी को लोगों ने स्टेंडिंग ओवेशन भी दिया।



### यंगस्टर्स को पसंद आया खूबसूरत फ्यूजन

मॉडल वैष्णवी शर्मा, मिस अर्थ इंडिया-2023 प्रियन सेन, मिस राजस्थान-2022 तरूश्री राय, मिस कोसमो इंडिया परिधि शर्मा और टीजीपीसी फर्स्ट रनरअप रिया जाखड़ ने रैंप पर कलेक्शन उतारा। शो संयोजक राजीव और अक्षरा टाटीवाला केड़िया ने बताया कि ‘ग्लैमर एंड एलीगेन्स’ नामक शो की खासियत रही कि इसमें परंपरा के साथ आधुनिकता का खूबसूरत फ्यूजन नजर आया। यह नायाब अंदाज युवा पीढ़ी ने विशेष रूप से पसंद किया। पाश्चात्य संगीत और राजस्थान सहित देश के अनेक राज्यों के पारंपरिक संगीत की मधुर धुनों और सतरंगी रोशनी से सजे शो का पहला राउंड फ्यूजन का रहा, जिसमें मॉडल्स ने कलर स्टोन्स, डायमंड और नवरत्नों के सोने में जड़े हार, कर्ण फूल, काकटेल रिंग्स, 14, 18 व 22 कैरेट की चूड़ियां व डायमंड के टीके को पहनकर कैटवॉक की।

### नजर आए शाही परंपरा के आभूषण

दूसरा राउंड ब्राइडल का था, जिसमें मॉडल्स ने शाही परंपरा के चूड़ा, टीका, राजपूती आड़, हथ फूल, नथ, बोरला, बाजूबंद, सरपेच और माथा पट्टी जैसे ब्राइडल के पारंपरिक आभूषणों का प्रदर्शन किया। इन आभूषणों में पोलकी के बड़े स्टोन पर कार्विंग करके 24 कैरेट सोने में की गई डिजाइनिंग खास थी। पूरे शो को मंचीय ओपचारिकताओं से दूर रखा गया और मॉडल्स ने स्टेज पर बने रैंप पर कैटवॉक करने के बजाय दर्शकों के बीच में से गुजरते हुए वॉक की।

### कीकू शारदा की शैली में खूब हंसाया

दोनों राउंड्स के बीच आए अंतराल में जाने-माने कॉमेडियन कीकू शारदा की शैली में कॉमेडी करने वाले इंदौर के युवा कॉमेडियन अंकित सिसोदिया ने मनोरंजन किया। शो को हर उम्र के लोगों ने एंजॉय किया। इस दौरान जूलरी के नए ट्रेंड देखने को मिले।

फोटो: पंकज शर्मा

## आर्टिस्टों को दिए सारंगी अवॉर्ड



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर म्यूजिक फेस्टिवल में पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ और फर्स्ट इंडिया चैनल हैड जगदीश चंद्रा ने आर्टिस्टों को सम्मानित किया। जयपुर संगीत महाविद्यालय की ओर से श्रुति मिश्रा, सुधाकर दवे, हरीश कुमार कत्थक, निधि बैराठी, करण सिंह चौहान, रानू शर्मा, प्रशांत अजमेरा, भैरवी जोशी, जितेंद्र राणा, विक्रम राव, पंडित महेंद्र शंकर डांगी, अर्चना सिंह, रीना प्रधान, अंजू शर्मा, प्रीति भार्गव राजीव सिंह, रजनी ग्रोवर, विनीता शर्मा, सोनू कंवर, हसीन वारसी, निष्ठा अग्रवाल भट्ट और दीपक शर्मा को सारंगी अवॉर्ड दिया। जेकेके में हुए जयपुर म्यूजिक फेस्टिवल में मुंबई से कथक नृत्यांगना भैरवी जोशी का सम्मान हुआ। कमिश्नर बीजू जोर्ज जोसेफ ने नृत्य कलाकार विक्रम राव व कलाकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बतौर स्पेशल गेस्ट राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के सीईओ पी आर शर्मा और संगीत नाटक अकादमी पूर्व अध्यक्ष अशोक पांड्या ने उत्साहवर्धन किया।

## दुनिया में बजा भारत का डंका



**बेधड़क. जयपुर।** बैंकॉक में चल रहे द क्वीन सिरकित एग्जीबिशन जूलरी शो में स्थानीय व प्रवासी भारतीयों ने जी-20 शिखर सम्मेलन के वैश्विक आयोजन में भारत की मेजबानी से वैश्विक स्तर पर मान बढ़ाने के लिए नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। जयपुर जूलर एसोसिएशन के संयुक्त सचिव व भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ के संयोजक राजू मंगोड़ीवाला ने बताया कि दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। इंडो-थाई चैंबर के सुशील धानुका व जापान से आए नवीन सौंखिया व तरुण अग्रवाल ने कहा कि आज भारत विश्व की 5वीं बढ़ी अर्थव्यवस्था है।

## आकर्षण का केंद्र बने गांधी



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के मुकेश अर्जुन प्रजापति की मेटल में बनाई चरखा चलाते राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा दिल्ली के राजघाट चौराहे पर जी-20 राष्ट्राध्यक्षों के लिए आकर्षण रही। प्रतिमा दिल्ली के गांधी स्मृति गार्डन के बाहर राजघाट चौराहे पर स्थापित की गई, जिसका अनावरण कुछ दिनों पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया। राष्ट्रपति ने कला की तारीफ की थी। महात्मा गांधी की यह प्रतिमा ब्रांज से बनी है।

## नवाचार की जीत ‘एफआरटीओ’



**बेधड़क. जयपुर।** फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्यूर ऑपरेटर्स (एफआरटीओ) का प्रथम कन्वेंशन एंड स्टेक होल्डर्स मीटिंग अजमेर रोड स्थित प्रतिष्ठा बैंक्वेट में आयोजित हुआ। इस मौके पर एफआरटीओ की इवेंट एंड कन्वेंशन कमेटी चेयरमैन वीरेंद्र शेखावत, प्रेसिडेंट योगेंद्र सिंह, वाइस प्रेसिडेंट कमल डोई, सेक्रेटरी आजाद माथुर, टूरिज्म डिपार्टमेंट राजस्थान के डिप्टी डायरेक्टर उपेंद्र सिंह, राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टुअर ऑपरेटर्स अध्यक्ष रणधीर विक्रम सिंह, मोहन सिंह मेड़तिया, कुलदीप सिंह, आईएचएम की प्रिंसिपल निमिशा सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए टुअर एंड ट्रेवल्स कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिए किया जागरूक



**बेधड़क. जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक किया गया। अपील की गई कि नगद न देकर खाद्य सामग्री, कपड़े व अन्य जरूरतमंद सामग्री दी जाए। ट्रस्ट सदस्य व मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि अभियान की थीम भिक्षा नहीं शिक्षा दो रखी गई है। भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को सीधा शिक्षा से जोड़कर उनमें नैतिक मूल्यों का निर्माण किया जाता है।

# City इवेंट्स

## बड़ों का सम्मान करते हुए किया मंथन



**बेधड़क. जयपुर।** अखिल भारतीय नामदेव छीपा, टांक दर्जी समाज के लोगों ने सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। बड़ों का सम्मान कर आशीर्वाद लिया गया और एकजुट होकर आगे बढ़ने की बात की गई। साथ ही समाज की परेशानियों पर मंथन किया। अब 24 सितंबर को वीटी रोड मैदान में सब एक जुट होंगे। राजस्थान प्रान्तीय श्रीनामदेव छीपा समाज महासभा समिति प्रांतीय अध्यक्ष अशोक गोठरवाल ने बताया कि प्रदेश में वस्त्र रंगाई, छपाई, सिलाई कला बोर्ड की स्थापना, जयपुर में शैक्षणिक कार्य के लिए रियायती दरों पर जमीन आवंटन करने सहित अन्य मांगें की जाएंगी। अखिल भारतीय नामदेव टांक क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग रुणवाल, नीरज मोनू ऐंचारा, रमेश छीपा, सुरेश टांक (बाटू) अध्यक्ष विठ्ठल नामदेव फाउंडेशन, कुंज बिहारी तोणगरिया और राम रतन धनोपिया उपस्थित रहे।

## ICAI के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुए रूबरू



**बेधड़क. जयपुर।** आईसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए अनिकेत सुनील तलाटी और उपाध्यक्ष सीए रंजीत कुमार अग्रवाल सीए मेंबर्स से रूबरू हुए। जयपुर शाखा अध्यक्ष सीए विष्णु अग्रवाल और सचिव सीए अंकुर गुप्ता ने बताया कि सीए अनिकेत सुनील तलाटी और सीए रंजीत मार अग्रवाल ने सेंट्रल कॉउन्सिल मेंबर सीए प्रकाश शर्मा व शाखा के सदस्यों के साथ मिलकर शिक्षा और पेशेवर विकास के क्षेत्र में चर्चा की और आईसीएआई के लक्ष्यों और योजनाओं के संदर्भ में अपने दृष्टिकोण को साझा किया। इस मौके पर नेकी की दीवार का लोकार्पण किया गया।

## जया किशोरी पहुंची रामाज रिसोर्ट



**बेधड़क. जयपुर।** टोंक रोड स्थित रामाज रिसोर्ट पर रविवार को कथा वाचक जया किशोरी पहुंची। यहां उन्होंने डिनर किया। उन्होंने रिसोर्ट के सभी स्टाफ और मालिक मोहित टेलर को शुभकामनाएं दी। मोहित टेलर ने जया किशोरी को बताया कि रामाज एक पारिवारिक रिसोर्ट है। खास बात यह है कि यहां पर प्योर वेज फूड और जैन फूड मिलता है। उन्होंने इस दौरान मुस्कान रेस्टोरेंट के भोजन की भी तारीफ की। जया किशोरी ने जाते समय कहा कि में जब भी टोंक रोड से आउंगी या जाऊंगी तो रामाज रिसोर्ट जरूर रुक के जाऊंगी।

## टॉप-50 प्रतियोगियों का हुआ सलेक्शन

# लक्ष्मी ने ब्यूटी ऑफ राजस्थान की गर्ल्स का बढ़ाया कॉन्फिडेंस



**बेधड़क** | जयपुर

बॉलीवुड मूवी छपाक जिस हस्ती लक्ष्मी अग्रवाल की जिंदगी पर बनी थी, जब वह सामने आई तो प्रदेश भर की गर्ल्स उनसे प्रभावित हो उठी। रोमांच के बीच लक्ष्मी ने भी मॉडल्स को चीयर किया और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का मैसेज दिया। फिर एक्टर-मॉडल दिनेश मोहन भी प्रतियोगियों का उत्साह बढ़ाया।

रोमांच और आत्मविश्वास का यह नजारा जयपुर में मालीराम एंड सन्स एंटरटेनमेंट की ओर से होटल हयात में ब्यूटी पेजेंट ‘ब्यूटी ऑफ राजस्थान’ सीजन-1 के टैलेंट राउंड में देखने को मिला। प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि वॉरियर गर्ल लक्ष्मी अग्रवाल और एक्टर-मॉडल दिनेश मोहन थे।

मालीराम एंड सन्स एंटरटेनमेंट के फाउंडर एंड डायरेक्टर गौरव योगी ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान रैंप वॉक के साथ इंट्रोडक्शन राउंड हुआ। जूरी मधु भाटी और सुगंधा शर्मा ने करीब 1000 में से टॉप 50 को फिनाले के लिए सेलेक्ट किया। योगी ने कहा कि टॉप 50 प्रतिभागियों को 2 म्यूजिक वीडियो और वेब सीरीज में काम करने का अवसर मिलेगा। साथ ही नेशनल और इंटरनेशनल फोटोशूट कराया जाएगा। ऑर्गेनाइजर कपिल शर्मा, रविकान्त शर्मा और प्रेरणा मंडलोई ने बताया कि टॉप 20 पार्टीसीपेंट का फोटो शूट के साथ ग्रूमिंग डांस, एक्टिंग, योगा, मेडिटेशन, पर्सनेलिटी डेवलपमेंट और सेल्फ डिफेंस की क्लासेज दी जाएगी।

## स्मिता बंसल ने घर जाकर दिए अवॉर्ड



**जयपुर।** नीलकंठ आईवीएफ में पहुंची एक्ट्रेस स्मिता बंसल ने ‘द जॉयज ऑफ मदरहुड’ रील कॉन्टेस्ट के विजेताओं को उनके घर जाकर सम्मानित किया। कॉन्टेस्ट 1 जुलाई को स्मिता बंसल द्वारा शुरू किया गया था, जिसमें प्रतिभागियों द्वारा 90 से ज्यादा रील बनाई। अभिनेत्री स्मिता बंसल ने रील प्रतियोगिता विजेता अंकिता शर्मा के घर जाकर विजेता को सम्मानित किया। नीलकंठ आईवीएफ द्वारा कॉन्टेस्ट के प्रतिभागियों के एक्सट्रा प्रयास के लिए अपरीसीयशन अवॉर्ड भी दिए। विजेता अंकिता शर्मा को पुरस्कार के तौर पर गोल्ड कोइन दिया गया। आकांक्षा नामा और बनी साधनानी ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। सीनियर कंसल्टेंट रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एंड फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट, डॉ. सिमी सूद ने मदर्स के उत्साहपूर्ण पार्टीसिपेशन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

**टैलेंट राउंड** 2000 बॉयज मिस्टर राजस्थान-2023 की दौड़ में

# जयपुर में प्रदेश भर के लड़कों ने दिखाया जज्बा-जुनून

**बेधड़क** | जयपुर

आंखों में चमक, दिल में जुनून, कुछ भी कर गुजरने का जज्बा और साथ ही मिस्टर राजस्थान बनने की होड़। मौका था रविवार को सी-स्कीम स्थित एलन कॉलेज ऑफ डिजाइन में इन्फिनिटी टेकओवर्स फिल्म प्रोडक्शन की ओर से रॉयल बैटल ऑफ राजस्थान की थीम पर आयोजित किए जा रहे मेल कैटेगरी के पेजेंट मिस्टर राजस्थान 2023 सीजन 2 के टैलेंट राउंड का। इसमें 18 से 35 साल तक के युवाओं ने टैलेन्ट व स्किल्स को एक्सपोज किया।



### 300 का हुआ सलेक्शन

आयोजक अनूप चौधरी ने बताया, कि 2000 से अधिक ऑनलाइन एंट्रीज आई थीं, जिनमें से 300 पार्टिसिपेंट्स को ऑडिशन के लिए सेलेक्ट किया गया। जयपुर सहित राजस्थान के लगभग हर एक शहर से लड़कों ने ऑडिशन के लिए एप्लाई किया।

### 30 मॉडल्स होंगे ग्रैंड फिनाले के लिए सेलेक्ट

पेजेंट का उद्देश्य राजस्थान के रिच कल्चर और ट्रेडिशन को प्रमोट करना है। पेजेंट के विजेता को राजस्थानी मूवी, म्यूजिक वीडियो एल्बम, प्रिंट शूट्स, रैंप शोज अन्य प्रोजेक्ट्स में मौका दिया जाएगा। 30 मॉडल्स को ग्रैंड फिनाले के लिए सेलेक्ट किया जाएगा। साथ ही तीन दिन इनकी ग्रूमिंग एक्टिविटिज चलेगी, जिसमें फिटनेस सेशन, फोटोशूट सेशन, रैंप वॉक रिहर्सल शामिल हैं। ऑडिशन के दौरान मिस्टर राजस्थान-2022 सूर्या राज सिंह, फिटनेस एक्सपर्ट डीके सिंह और फैशन कोरियोग्राफर राहुल शर्मा जूरी मेंबर्स के रूप में उपस्थित रहे। स्पेशल गेस्ट के तौर पर एलन कॉलेज ऑफ डिजाइन के डायरेक्टर राम यादव मौजूद रहे।

## मोरक्को भीषण भूकंप से तबाही, हर तरफ हाहाकार-चीख पुकार



# अब तक 2,012 लोगों की मौत, 2,059 घायल

**एजेंसी** | मराकेश

मोरक्को में आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,000 से अधिक हो गई है और कम से कम 2,059 लोग घायल हुए हैं। देश के गृह मंत्रालय ने शनिवार देर रात बताया कि शुक्रवार देर रात आए भूकंप में 2,012 लोगों की मौत हो गई है और मृतक संख्या अभी और बढ़ने की आशंका है, क्योंकि बचावकर्ता सबसे अधिक प्रभावित दूर-दराज के क्षेत्रों में पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

मंत्रालय के मुताबिक सबसे अधिक 1,293 लोगों की मौत अल हौज प्रांत में हुई है। उसने बताया कि कम से कम 2,059 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 1,404 की हालत गंभीर है।



भूकंप के बाद मोरक्को सरकार ने तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। मोरक्को में शुक्रवार को 6.8 तीव्रता का भूकंप आया था, जो देश में पिछले 120 साल में आया सबसे भीषण भूकंप है।

### किसी भारतीय के प्रभावित होने की सूचना नहीं

विनाशकारी भूकंप के कारण किसी भारतीय नागरिक के प्रभावित होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं मिली है। भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी। दूतावास ने मोरक्को में रह रहे सभी भारतीयों को धैर्य रखने और स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी। भारतीय दूतावास ने शनिवार को एक परामर्श जारी किया और कहा कि वह भारतीय समुदाय के संपर्क में है।

## जी-20: इकोनॉमिक कॉरिडोर से चीन को झटका...

# यूएस पर निकाली भड़ास

**एजेंसी** | बीजिंग

नई दिल्ली में जी-20 समिट भारत के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ है। जो चाहा, वो मिला! भारत ने जी-20 में अपने वैश्विक संबंधों को और मजबूत तो किया ही चीन को कूटनीति का आईना दिखाया। दरअसल, अमेरिका, भारत, सऊदी अरब और यूएई के नेताओं ने एक संयुक्त बुनियादी ढांचा समझौते की घोषणा कर दी है।

यह समझौता खाड़ी और अरब देशों को जोड़ने वाले रेलवे का एक नेटवर्क स्थापित करेगा। शनिवार को शिखर सम्मेलन के पहले दिन भारत-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर का ऐलान हो गया। भारत की इस अभूतपूर्व सफलता पर चीन को मिर्ची लगी है। उसने इस समझौते पर जमकर भड़ास निकाली है। ग्लोबल टाइम्स ने विशेषज्ञों के हवाले से दावा किया है कि इसका मुख्य उद्देश्य मध्य पूर्व में चीन को अलग-थलग दिखाने की अमेरिकी कोशिश है। लेकिन, यह कोई फल नहीं देने वाला। चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स लिखता है कि अमेरिका भारत में शिखर सम्मेलन के दौरान अपनी मध्य पूर्व रेलवे योजना को आगे बढ़ा रहा है।





### अमेरिका ने ज्यादा कहा और काम कम

चीन के रेनमिन विश्वविद्यालय में चोंगयांग इंस्टीट्यूट फॉर फाइनेंशियल स्टडीज के एक वरिष्ठ शोधकर्ता झोउ रोंग ने ग्लोबल टाइम्स को बताया कि अमेरिका के पास मध्य पूर्व में परिवहन नेटवर्क को सही मायने में पूरा करने के लिए वास्तविक इरादे और क्षमता दोनों का अभाव है। झोउ ने कहा, “यह पहली बार नहीं है कि जब अमेरिका ने ‘ज्यादा कहा और काम कम’ किया है।”

### बीआरआई से मुकाबले की तैयारी

चीन का दावा है कि बाइडेन प्रशासन की मध्य पूर्व बुनियादी ढांचा योजना चीन-प्रस्तावित बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का मुकाबला करने का एक स्पष्ट प्रयास है, जो इस साल विभिन्न देशों और क्षेत्रों में कई उपयोगी परियोजनाओं के साथ अपनी 10 वीं वर्षगांठ मना रहा है। झोउ ने कहा, “बाइडेन प्रशासन स्पष्ट रूप से गुट की राजनीति में शामिल हो रहा है और चीन विरोधी गुट बनाने के लिए एकजुट हो रहा है।”

## ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक की चीनी प्रधानमंत्री ली क्विंग से मुलाकात...

# ब्रिटेन की जासूसी चिंताओं से कराया अवगत

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने रविवार को नयी दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन से इतर चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग से मुलाकात की और उन्हें ब्रिटेन की जासूसी चिंताओं से अवगत कराया। ब्रिटिश मीडिया की एक खबर में दो लोगों के खिलाफ जासूसी के आरोपों संबंधी खुलासे के बाद सुनक ने ली क्विंग के समक्ष ब्रिटेन के संसदीय लोकतंत्र में कथित चीनी हस्तक्षेप का मुद्दा उठाया और उन्हें ब्रिटेन की महत्वपूर्ण चिंताओं से अवगत कराया।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय ‘10 डाउनिंग स्ट्रीट’ के प्रवक्ता ने कहा, ‘प्रधानमंत्री सुनक ने चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग से मुलाकात की और ब्रिटेन के संसदीय लोकतंत्र में चीनी हस्तक्षेप के बारे में अपनी महत्वपूर्ण चिंताओं से उन्हें अवगत कराया।’

दरअसल, ब्रिटेन की एक मीडिया रिपोर्ट में दो लोगों के खिलाफ जासूसी के आरोप लगाए गए हैं। ब्रिटिश मीडिया की खबर के मुताबिक ब्रिटेन में एक संसदीय शोधकर्ता ने चीन के लिए जासूसी होने का दावा किया था, जिसके बाद ब्रिटेन के आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

उनमें से एक व्यक्ति, जिसकी उम्र 20 वर्ष के आसपास थी, एक शोधकर्ता है।

## यूनान: बाढ़ से 11 लोगों की मौत, 6 लापता

**एथेंस।** मध्य यूनान में पेलियन और उसके आसपास के इलाकों में बाढ़ आने के बाद से लापता हुए 77 वर्षीय एक व्यक्ति का शव शनिवार को बरामद हुआ, जिससे बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई। छह लोग लापता हैं। पेलियन में सबसे पहले मंगलवार को भारी बारिश की शुरुआत हुई, जिसमें कुछ स्थानों पर एक दिन से भी कम समय में लगभग 30 इंच बारिश दर्ज की गई।

## सूडान: प्रतिद्वंद्वी सैनिकों की लड़ाई जारी

# ड्रोन हमले में 23 लोगों की मौत

**एजेंसी** | काहिरा

देश पर नियंत्रण के लिए सूडान की सेना और अर्द्धसैनिक बल के बीच लगातार जारी संघर्ष के बीच राजधानी खार्तूम के दक्षिणी हिस्से में एक बाजार में रविवार को हुए ड्रोन हमले में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई। कार्यकर्ताओं और चिकित्साकर्मियों ने यह जानकारी दी। ‘रेसिस्टेंट कमेटिज के नाम से जाने जाने वाले एक कार्यकर्ता समूह और बशीर विश्वविद्यालय अस्पताल में काम करने वाले



दो स्वास्थ्यकर्मियों के अनुसार खार्तूम के मे इलाके में हुए हमले में कम से कम तीन दर्जन लोग घायल भी हुए हैं।

कार्यकर्ता समूह द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए फुटेज में अस्पताल के खुले प्रांगण में सफेद चादर में लिपटे शवों को देखा जा सकता है। हालांकि, तत्काल यह स्पष्ट नहीं हो सका कि रविवार के हमले के पीछे कौन सा पक्ष था। सूडान में अप्रैल के मध्य से ही हिंसा जारी है। वहां जनरल अब्देल फतह बुरहान के नेतृत्व वाली देश की सेना और जनरल मोहम्मद हमदान डागालो की कमान वाले अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच का तनाव अप्रैल में लड़ाई में बदल गया। उसके बाद से देश के कई हिस्सों में संघर्ष फैल गया है।

## चंद्रमा की बढ़ रही दूरी

# लंबी हो रही पृथ्वी के दिन की अवधि

**एजेंसी** | वाशिंगटन

क्या आपको पता है कि आज धरती का 24 घंटे का दिन 1.4 अरब साल पहले केवल 18 घंटे का हुआ करता था। दरअसल, पृथ्वी पर दिन और रात के होने का कारण पृथ्वी का अपनी ही धुरी पर घूर्णन है। इसकी गति के आधार पर ही धरती के दिन और रात की अवधि तय होती है।

पृथ्वी के घूर्णन के चंद्रमा से पृथ्वी की दूरी पर असर के कारण इस अवधि का निर्धारण होता था। हालिया अध्ययन में खुलासा हुआ है कि हमारे ग्रह के दिनों की लंबाई धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है और इसकी वजह चंद्रमा की पृथ्वी से शनैः शनैः बढ़ती दूरी है।



### एस्ट्रोक्रोनोलॉजी तकनीक का इस्तेमाल

इस पूरी प्रक्रिया को समझाते हुए यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉनसिन-मैडिसन में जियोसाइंस के प्रोफेसर और इस अध्ययन के सहलेखक स्टीफन मेयर्स बताते हैं कि जैसे-जैसे चंद्रमा पृथ्वी से दूर जाता है, पृथ्वी एक स्केटर की तरह घूमती है, जिसकी भुजाएं फैल जाती हैं। इसे समझाने के लिए शोधकर्ताओं ने एक सांख्यिकीय तकनीक विकसित की, जिसे एस्ट्रोक्रोनोलॉजी कहती है।

### चांद 3.82 सेमी प्रतिवर्ष हो रहा दूर

अभी चंद्रमा पृथ्वी से हर साल 3.82 सेमी की दर से दूर जा रहा है, लेकिन इसके आधार पर 1.5 अरब साल पहले की बात करें तो उस लिहाज से उस समय चंद्रमा पृथ्वी के इतने पास होगा कि उसके टुकड़े ही हो गए होंगे। इसके अलावा इससे तो चंद्रमा की वर्तमान आयु 4.5 अरब साल की नहीं लगती है। इस पहेली को सुलझाने के लिए मेयर्स ने पृथ्वी के पास के ग्रहों की अरबों साल पहले की गतिविधि और उनके प्रभावों का मापन किया।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl